रोहतक
शनिवार, 30 मार्च 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 28, अंक : 62
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 35.0
न्यून. 16.9

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 बोपन्ना-इबडेन मियामी खिताब से एक कदम दूर, डोडिग-क्राजिसेक से आज होगा सामना

# आईटी ने थमाया कांग्रेस को 1823 करोड़ रु. का नोटिस

## सरकार बदलेगी तो ऐसे लोगों पर कार्रवाई, ये मेरी गारंटी : राहुल

## देश में कानून से ऊपर कोई नहीं चोरी पकड़ी गई तो डर क्यों रहेः भाजपा


*कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'भाजपा द्वारा 42 करोड़ रुपये जमा करने के लिए 4,600 करोड़ रुपये के जुर्माने की अनदेखी की गई, जबकि कांग्रेस के विधायकों और सांसदों द्वारा 14 लाख नकद जमा करने के लिए 135 करोड़ रुपये के जुर्माने की मांग की गई है। उन्होंने सवाल किया कि केवल विपक्ष के खिलाफ इस अनुचित तरीके से कार्रवाई करने के लिए आयकर विभाग पर कौन दबाव डाल रहा है? 'मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को परेशान करने के लिए आयकर विभाग को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति क्यों दी जा रही है?*

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

आयकर विभाग यानी आईटी ने शुक्रवार को सुबह कांग्रेस को 1823.08 करोड़ रुपये का नया डिमांड नोटिस जारी किया। सूत्रों के मुताबिक यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी रकम भी शामिल है। इस नोटिस को लोकसभा चुनाव से पहले नकदी संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है। एक दिन पहले 28 मार्च को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने टैक्स असेसमेंट को लेकर दायर कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी थी। इस पर कांग्रेस ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग ने पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान के नए नोटिस उसे जारी किए हैं, लेकिन उसने भाजपा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं, जबकि उस पर 4600 करोड़ रुपये का जुर्माना बनता है। पार्टी ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले 'कर आतंकवाद' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है।

**लोकसभा चुनाव से पहले आर्थिक संकट से जूझ रही पार्टी को झटका**

- यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए
- इसमें जुर्माने के साथ ब्याज की रकम भी शामिल
- कांग्रेस बोली, भाजपा ने शुरू किया 'कर आतंकवाद'
- आयकर विभाग ने भाजपा पर कार्रवाई नहीं की कौन दबाव डाल रहा



### हमारे खाते से पैसे निकाले : माकन

पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया कि जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भारतीय जनता पार्टी से 4600 करोड़ रुपये से आधिक के भुगतान की मांग की जानी चाहिए। पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। उनके मुताबिक, इन 1823 करोड़ रुपये में से 53.9 करोड़ रुपये की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर की गई है जब सीताराम केसरी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। माकन की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, आयकर विभाग ने वर्ष 2016-17 के लिए 181.99 करोड़ रुपये, 2017-18 के लिए 178.73 करोड़ रुपये, 2018-19 के लिए 918.45 करोड़ रुपये तथा 2019-20 के लिए 490.01 करोड़ रुपये के नोटिस दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है।

### यह बोले राहुल गांधी

नोटिस पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार बदलेगी तो 'लोकतंत्र का चीरहरण' करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। कार्रवाई ऐसी होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स यह ट्वीट किया।

### कांग्रेस खुद को विशेष क्यों समझ रहीः शहजाद

भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई भी देश के संविधान और कानून से ऊपर नहीं है। कांग्रेस सोचती है कि वह संविधान और कानून से ऊपर है। वह टैक्स डिफॉल्टर बन सकती है, झूठ बोल सकती है और फिर विक्टिम कार्ड खेल सकती है। कांग्रेस को आईटी नोटिस पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आम लोगों को टैक्स देना पड़ता है, लेकिन कांग्रेस खुद को विशेष वीवीआईपी श्रेणी में रखती है। जब उनकी 'चोरी' पकड़ी गई तो वे टैक्स नहीं देना चाहते थे। वे डर क्यों रहे हैं। सवाल यह है कि जब उन्हें 2021 में नोटिस मिला तो उन्होंने उसे चुनौती देने में देरी क्यों की। अब आप जब चुनौती दी गई तो कोई राहत नहीं मिली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा का विरोध करते-करते अब देश की संस्थाओं पर भी हमला करना शुरू कर दिया है। यह कांग्रेस की हताशा के स्तर को दर्शाता है। पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के परिसर में 350 करोड़ पाए गए। उनके 50 सांसदों के पास सामूहिक रूप से बहुत सारा पैसा होगा। यह पैसे की कमी नहीं है।





रेवाड़ी में गिरे ओले और खेतों में बिछीं गेहूं की फसल

# प्रदेश में बदला मौसम, रेवाड़ी में गिरे ओले, फसलों को नुकसान

## कई जिलों में धूलभरी आंधी व बारिश, किसानों की सांसें फूली

**रेवाड़ी/सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में शुक्रवार को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। इसके कारण कई जिलों में धूलभरी आंधीए बारिश और रेवाड़ी के दर्जनभर गांवों में ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। सोनीपत और झज्जर के कुछ हिस्सों में भी बारिश हुई। बदले मौसम को देखते हुए किसानों की सांसें फूली हुई हैं। दिल्ली-एनसीआर में भी बरसात हुई और तेज हवा चली। वहीं, पहाड़ों पर भी बर्फबारी हुई है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के बाद हिमस्खन से श्रीनगर-लेह राजमार्ग बंद हो गया। कई गाड़ियां बर्फ में दब कई कई लोगों को बचाया गया है।

### रेवाड़ी में 10 से 12 गांव प्रभावित

रेवाड़ी में शुक्रवार शाम अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ। पहले 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की तरफ से धूल भरी आंधी चली और इसके जिले के 10 से 12 गांवों में बारिश के साथ जबरदस्त ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि की वजह से खं पकी खड़ी गेहूं की फसल और कटाई कर रखी गई सरसों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। किसान संगठनों ने सरकार से विशेष गिरदावरी कराते हुए मुआवजा देने की मांग की है। लिसाना, बीकानेर, गोकलगढ़, गोकलपुर, मीरपुर, ततारपुर, कापड़ीवास, करावरा, जांटी, सुनारिया, धारूहेड़ा व जिले के कई अन्य गांवों में कहीं हल्की, तो कहीं भारी ओलावृष्टि हुई। कई गांवों में तो बरसात के बिना ही सूखे ओले गिरते रहे।

### आज उपायुक्त से मिलेंगे किसान

किसानों ने कहा कि बरसात और ओलावृष्टि से खेतों में पक कर तैयार गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई है। किसान 30 मार्च को मुआवजा की मांग को लेकर जिला उपायुक्त से मुलाकात करेंगे। किसानों ने कहा कि सरकार 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दे।

### खेतों में फसल बिछी

तेज हवाओं के साथ बरसात से किसानों की फसल जमीन पर बिछ गई है, जिससे फसल उत्पादन पर काफी असर पड़ सकता है। आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव राकेश कुमार ने सरकार से फसलों की विशेष गिरदावरी कराने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### तीन दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले दो-तीन दिन तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। इस दौरान आसमान में बादल छाने व हल्की बरसात के साथ ओलावृष्टि की आशंका बनी रहेगी। ओलावृष्टि किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। शुक्रवार को हुई आलोवृष्टि से तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी श्रीनगर-लेह हाईवे बंद

- देश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम का मिजाज बदल रहा है। जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी हो रही है। सोनमर्ग के हंग में एवलांच हुआ। इससे कई कारें बर्फ में फंस गई। कार में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया। एवलांच से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद हो गया है।
- भारतीय मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर व हिमाचल प्रदेश में 30 मार्च को भी बारिश, बर्फबारी की आशंका जताई है। 19 राज्यों में बूंदाबांदी की संभावना है। उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां बारिश हो सकती है ओले गिर सकते हैं और तेज आंधी भी चलने के आसार हैं।
- असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट है।
- राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा और सिक्किम में बादल छाए रहेंगे।
- कुछ राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। सबसे ज्यादा गर्मी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के 5 शहरों में हैं। महाराष्ट्र के अकोला में 29 मार्च को 42.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। यह पूरे देश में सबसे ज्यादा है।
- मध्य प्रदेश का दमोह और गुना दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे। तापमान के मामले में आंध्र प्रदेश का नांद्याल चौथे और महाराष्ट्र का परभणी पांचवें नंबर पर रहा। इन सभी शहरों में पारा 40 डिग्री के ऊपर दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जेल में बंद आप नेता सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी है। सत्येन्द्र पर तिहाड़ जेल में रहते हुए ठग सुकाश चन्द्रशेखर से 10 करोड़ रुपये की उगाही का आरोप है। मामले में उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने फरवरी में गृह मंत्रालय से सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। एजेंसी

### 1 अप्रैल को स्वीकार नहीं होंगे 2000 रु. के नोट

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 29 फरवरी 2024 तक, 2,000 रुपएके नोटों का लगभग 97.62% बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गया है। अब भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि वह खातों के वार्षिक समापन के कारण 1 अप्रैल को 2,000 रुपए नोटों को एक्सचेंज और स्वीकार नहीं करेगा। आरबीआई ने कहा है कि यह सेवा 2 अप्रैल को फिर से शुरू होगी। भाषा

### जम्मू-कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, 10 की मौत

**जम्मू।** रामबन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक एसयूवी फिसलकर गहरी खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार दस लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन (टवेरा) श्रीनगर से जम्मू की ओर जाते हुए रामबन के बैटरी चश्मा इलाके में देर रात करीब 1:15 बजे 300 फुट गहरी खाई में गिरा। अधिकारियों ने बताया कि इस दुर्घटना में नौ यात्रियों और टवेरा चालक का शव बरामद कर लिया गया है। भाषा

# पेट्रोल पंप डीलरों की हड़ताल टली

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में 30 और 31 मार्च को प्राइवेट पेट्रोल पंप बंद रखने के फैसले को पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन हरियाणा ने फिलहाल स्थगित कर दिया है। एसोसिएशन ने डीलरों का कमीशन न बढ़ाने पर दो दिन पंप बंद रखने का अह्वान किया था। पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान संजीव चौधरी ने कहा कि शुक्रवार को पानीपत के सेक्टर 25 में एसोसिएशन की मीटिंग हुई। इसमें पंजाब की एसोसिएशन भी शामिल हुई, जिसके अध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह दोआबा हैं। यह मीटिंग दोनों प्रदेशों के हितों के लिए बुलाई गई थी। हमने 30-31 मार्च की हड़ताल का आह्वान किया था। उनकी कॉल के बाद तेल मंत्रालय ने 28 मार्च को तत्काल मीटिंग बुलाई। हमारी मांगों पर उन्होंने विचार किया। उन्होंने माना की आगामी सरकार के गठन तक अभी यह संभावित नहीं है। 15 जून तक कमीशन बढ़ाने का उन्होंने टाइम मांगा है। हम फिर भी 15 अगस्त तक का टाइम तेल मंत्रालय को देते हैं।

> प्रदेश में दो दिन बंद रखने थे पंप
>
> **एसोसिएशन के प्रधान बोले, तेल मंत्रालय ने कमीशन बढ़ाने के लिए समय मांगा**
>
> एसोसिएशन ने 15 अगस्त तक का समय दिया

# मुकदमा दर्ज, अब क्राइम ब्रांच की एसआईटी करेगी मामले की जांच

योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़

पूर्व सीएम मनोहर लाल के समय में फर्जी कैबिनेट एजेंडा नोट तैयार कर गुरुग्राम की करीब 500 करोड़ रुपये की जमीन हड़पने की कोशिश के मामले में सेक्टर-5 पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। पव्रदेश सरकार ने डीसीपी कानून एवं व्यवस्था की अगुवाई में एसआईटी का गठन कर जांच के आदेश दिए हैं। सेक्टर 19 और 26 क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम आरोपितों की तलाश में जुटी है। पंचकूला की डीसीपी हिमाद्री कौशिक का कहना है कि हम इस मामले की तह तक जांच की जाएगी। हिमाद्री का कहना है कि फर्जीवाड़ा कर करोड़ों की जमीन रिलीज कराने के मामले में एसआईटी गहराई से हर पहलू की जांच करेगी। सीएम नायब सिंह सैनी ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए पूरे सिंडिकेट पर शिकंजा कसने का आदेश दिया है।

### कैबिनेट का फर्जी नोट बनाकर फर्जीवाड़े केस में सरकार सख्त
### सीएम सैनी ने पूरे सिंडिकेट पर शिकंजा कसने का आदेश दिया



#### हर पहलू से जांच

सूत्रों का कहना है कि पूरे घटनाक्रम को लेकर पंचकूला सेक्टर पांच थाने में केस दर्ज किया गया है। उक्त केस डीएलआर (डायरेक्टर लैंड रिकार्ड) की से दर्ज कराते हुए कार्रवाई के लिए कहा गया है। मामले में क्राइम ब्रांच अधिकारी व टीम सक्रिय हैं। टीम इस पूरे मामले की हर पहलू से जांच करने की तैयारी में है। एसआईटी ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की है। मामले में गुरुग्राम राजीव चौक व बादशाहपुर की बेशकीमती जमीन हथियाने के पीछे कौन-कौन चेहरे हैं, इन सभी को बेनकाब किया जाएगा।

#### यह है मामला


हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक का फर्जी नोट तैयार कर गुरुग्राम में प्राइम-लोकेशन की बेशकीमती जगह (राजीव चौक) और बादशाहपुर को रिलीज कराने की साजिश रची गई थी। मामले की भनक लगने के तुरंत बाद में तीन सरकारी कर्मियों को हिरासत में लेकर पूछताछ हो की गई थी। इसमें पंचकूला के प्रमुख प्राप्टी डीलर सहित सात-आठ लोगों को गिरफ्तार करने की तैयारी है। सूत्रों का कहना है कि जगह रिलीज कराने, बिक्री करने तक नहीं बल्कि सिसायी भूचाल लाने की साजिश के पहलू की भी गहराई से पड़ताल हो रही है।

# गुरुग्राम में इंजीनियर का शरीर दो हिस्सों में कटा

## हाईवे पर हादसा, डिवाइडर से भिड़ी स्पोर्ट्स बाइक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

गुरुग्राम में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में लोहे की तार से कटकर कंप्यूटर इंजीनियर के शरीर के 2 हिस्से हो गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इंजीनियर निजी कंपनी में काम करता था। हादसा शुक्रवार सुबह तकरीबन साढ़े 6 बजे डीएलएफ फेज 2 थाना इलाके में साइबर सिटी के पास गोल्फ कोर्स रोड पर हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। इंजीनियर की पहचान राजस्थान के रहने वाले रितुज बेनीवाल (27) के तौर पर हुई है, वह एक कंप्यूटर हार्डवेयर कंपनी में कार्यरत था। रितुज ने कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग की है।



लोहे के तारों से कटकर बिखरे टुकड़े, सीसीटीवी फुटेज सामने आया

### एसएचओ बोले स्पीड में थी बाइक

डीएलएफ फेज 2 के थाना प्रभारी के मुताबिक,शुरुआती जांच में सामने आया है कि बाइक तेज रफ्तार में थी। अचानक बाइक का बैलेंस बिगड़ा और युवक सड़क किनारे लगे डिवाइडर के लोहे के तारों से टकरा गया। तारों से कटने से उसका शरीर 2 हिस्सों में बंट गया। हादसे में बाइक के भी कई टुकड़े हो गए।

### लखनऊ की सीबीआई कोर्ट का फैसला

# बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में 6 को उम्रकैद

**लखनऊ (एजेंसी)।** बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में 7 दोषियों को सीबीआई लखनऊ की कोर्ट ने सजा सुनाई है। इनमें 6 को उम्रकैद और एक को चार साल की सजा दी है। दोषियों में माफिया अतीक अहमद के 3 शॉर्प शूटर फरहान, आबिद और अब्दुल कवि शामिल हैं। जावेद, इसरार, रंजीत पाल और गुल हसन को भी कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। हत्याकांड के दो आरोपित माफिया अतीक अहमद और अशरफ की मौत हो चुकी है। छह को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है, जबकि एक अन्य फरहान को आर्म्स एक्ट में चार साल की सजा सुनाई है। राजू पाल हत्याकांड की जांच शीर्ष कोर्ट ने 22 जनवरी 2016 को सीबीआई को सौंप दी थी।

### दिन दहाड़े बरसाई गई थीं गोलियां



25 जनवरी 2005 को दोपहर करीब तीन बजे का वक्त था। शहर पश्चिमी के बसपा विधायक राजू पाल एसआरएन अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस से दो गाड़ियों के काफिले में साथियों संग धूमनगंज के नीवां में घर लौट रहे थे, तभी सुलेमसराय में जीटी रोड पर उनकी गाड़ी को घेरकर गोलियों की बौछार कर दी गई।

**मुलाकात** बिल गेट्स से बातचीत में बोले मोदी, हम इस दिशा में काम कर रहे

# प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि में निभा सकती है अहम भूमिका

*तकनीक के जरिए महिलाओं को भी बनाया जा रहा सशक्त*

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य की पहचान तीन ऐसे क्षेत्रों के रूप में की, जहां उनका मानना है कि प्रौद्योगिकी बड़ी भूमिका निभा सकती है। मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में कहा कि वह दुनिया में डिजिटल विभाजन के बारे में सुना करते हैं और उन्होंने फैसला किया था कि वह भारत में ऐसा नहीं होने देंगे। वह कम से कम लागत पर टीके विकसित करने के लिए गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को लेकर स्थानीय अनुसंधान के लिए वैज्ञानिकों को धन आवंटित करना चाहते हैं व उनकी नई सरकार टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी, खासकर सभी लड़कियों के लिए। मोदी ने बार-बार भरोसा जताया है कि वह आम चुनावों के बाद वह लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे। मोदी ने कहा कि डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की जरूरत है। इस पर गेट्स ने कहा कि भारत इस राह में सबसे आगे है।

### गेट्स ने भी मोदी सरकार के प्रयासों को सराहा




**जलवायु परिवर्तन पर बोले पीएम**

जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर मोदी ने कहा कि दुनिया को विकास को परिभाषित करने के लिए बिजली या इस्पात जैसे मानकों को बदलने की जरूरत है, क्योंकि यह जलवायु विरोधी है और इसके बजाय हरित जीडीपी और हरित रोजगार जैसी शब्दावली को अपनाना चाहिए। कृत्रिम मेधा (एआई) के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि इसे कोई जादुई उपकरण या कुछ काम करने के लिए लोगों के आलस्य के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

### महिलाओं को बना रहे आत्मनिर्भर

भारत में डिजिटल क्रांति के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि इस पर किसी का एकाधिकार नहीं होना चाहिए और इसे आम लोगों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में, उन्होंने महिलाओं के लिए कृषि में ड्रोन का उपयोग करने के लिए 'ड्रोन दीदी' योजना और रोगियों को लंबी दूरी पर मौजूदगी के बावजूद उपचार प्रदान करने की पहल पर प्रकाश डाला। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को तकनीक के जरीये सशक्त और आत्मनिर्भर बना रही है। बना रही है। चौथी औद्योगिक क्रांति में डिजिटल प्रौद्योगिकी की बड़ी भूमिका होगी और उन्हें विश्वास है कि भारत अच्छा काम करेगा।



खबर संक्षेप

### विधानसभा अध्यक्ष ने कमेटियों का गठन किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा की समितियों का गठन किया है। इनमें से विशेषाधिकार समिति नई समिति के गठन होने तक जारी रहेगी। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष के आदेशानुसार विधान सभा सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर इसे हरियाणा सरकार के राजपत्र के असाधारण अंक के प्रकाशन के लिए भेज दिया है। अधिसूचना को सूचनार्थ सभी विधायकों, प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, महाधिवक्ता, प्रशासनिक सचिव, सभी विभागाध्यक्षों, प्रधान महालेखाकार लेखापरीक्षा और लेखा एवं हकदारी को भी भेजा गया है।

### विधानसभा सचिव राजेंद्र कुमार नांदल सेवानिवृत्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा के सचिव राजेंद्र कुमार नांदल की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विदाई समरोह का आयोजन किया गया। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवा, हरियाणा विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया।

### छात्राओं को मतदान के लिए किया जागरूक




**चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ के चुनावी साक्षरता क्लब और राजनीति विज्ञान विभाग ने सोशल मीडिया एंड इलेक्शंस विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस विषय ने प्रतिभागियों को राजनीति के समकालीन मुद्दे के विभिन्न पहलुओं को जानने और समझने के लिए प्रेरित किया।

### उचाना के साथ दिल का रिश्ता : दुष्यंत

**उचाना/ चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि उचाना हलके से राजनीति नहीं, बल्कि उनका दिल का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि उचाना हलका उनकी कर्मभूमि है और यहां के लोगों ने हर दौर में उनका साथ दिया है। गठबंधन टूटने के बाद अपने हलके उचाना में पहुंचे चौटाला ने शुक्रवार को 50 से अधिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

# प्रदेश की सभी सीटों पर जीत, असम में खिलेंगे 14 कमल : अभिमन्यु

## पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने खांडाखेड़ी में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

पूर्व वित्तमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 370 से और ज्यादा सीटों पर कमल खिलाने का काम करेगी। पार्टी ने उन्हें असम में जो जिम्मेदारी दी है, उसको ईमानदारी से निभाकर सभी 14 सीटों पर भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। कैप्टन अभिमन्यु गांव खांडा खेड़ी में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

■ भाजपा 370 और एनडीए 400 पार का लक्ष्य होगा पूरा

पूर्व वित्तमंत्री ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि आने वाले दो महीनों में एक-एक कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने के लिए घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करेंगे ताकि भारतीय जनता पार्टी का 370 सीटों पर कमल खिला सके और एनडीए 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश को महान बनाने का काम करेंगे। सबने निश्चय किया है कि इस बार देश में मोदी सरकार बनाने के लिए घर-घर जाकर प्रचार करने के कार्य में आज से ही जुट जाएं। मोदी की गारंटी का संदेश घर-घर तक ले जाने का काम करें।



नारनौंद। खांडा खेड़ी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।



नारनौंद। पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु व कार्यकर्ता हाथ उठाकर भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लेते हुए।

### हमारा प्रत्याशी कमल का फूल : कैप्टन अभिमन्यु

वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में हिसार लोकसभा की टिकट को लेकर कहा कि हमारा प्रत्याशी कमल का फूल है। भारी बहुमत से हिसार सहित प्रदेश की सभी सीटों पर जनता कमल खिलाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अपने आप को कैप्टन अभिमन्यु समझकर भाजपा के सभी प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीताने के लिए कमर कस लें। पार्टी की जीत कार्यकर्ताओं की जीत होगी। पार्टी ने लोकसभा चुनाव में उनको असम का प्रभारी बनाकर जो जिम्मेदारी दी है। उसकी पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाकर असम की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम किया जाएगा।

### मोदी के नेतृत्व में विश्व में देश का मान-सम्मान बढ़ा

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भी हमारे देश का मान सम्मान बढ़ा है। आज पूरी दुनिया भारत देश की तरफ देख रही है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ प्रत्याशियों को ज्यादा बहुमत से जीताने के लिए दिन रात मेहनत करनी शुरू कर दें। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि विपक्ष के पास आज कोई मुद्दा नहीं बचा है। पिछले 10 साल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ऊंचाइयों तक ले जाने में अपनी अहम भूमिका अदा की है। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता अजय सिंधु, पार्षद संजय खरब, महावीर शर्मा, एडवोकेट दीपक लोहान, अमरजीत लोहान, प्रेम वर्मा, नरेश वर्मा, कुलदीप गौतम, धर्मबीर गुराना, कप्तान सिंघवा, आजाद शर्मा, कमलेश, मास्टर चंद्र प्रकाश, फूल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# बीरेंद्र का दावा, उनके साथ दो विधायक भी कांग्रेस में जाएंगे

## जेजेपी भाजपा की बी टीम नहीं, बैंच पर बैठने वाले रिजर्व खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

■ पूर्व केंद्रीय मंत्री ने उचाना में सक्रियता बढ़ाई, समर्थकों से मिले

भाजपा को अलविदा कह कर कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह भी अपने साथियों के साथ जल्द कांग्रेस में एंट्री करेंगे। उचाना शहर के 40 फीटा रोड पर स्थित पूर्व सरपंच हवा सिंह करसिंधु के निवास पर पहुंचने के साथ-साथ दाड़न खाप प्रधान सूरजमल श्योकंद ने भी पूर्व केंद्रीय मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। बीते कुछ दिनों से हलके में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह द्वारा अपनी सक्रियता बढ़ाई हुई है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि जब वो कांग्रेस में एंट्री करेंगे तो उनके साथ प्रदेश के दो मौजूद विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। ये विधायक कौन होंगे इस बारे में बताने से इनकार करते हुए कहा इस बारे में जल्दी पता चल जाएगा।



उचाना। कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

### कार्यकर्ता भी शामिल होंगे

बीरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने यदि उनके कहे अनुसार हरियाणा में कार्यक्रम रखा तो उनके साथ लाखों की संख्या में कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल होंगे। कार्यक्रम अगर दिल्ली कांग्रेस कार्यालय में हुआ तो वहां हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। ऐसे में कांग्रेस में शामिल होने की तिथि और स्थान हाईकमान ही तय करेगा। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तार करके भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है।

### जजपा पर साधा निशाना

जेजेपी पर निशाना साधते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस दिन बीजेपी और जेजेपी का गठबंधन टूटा और नई सरकार बनी तो गठबंधन न होते हुए भी गठबंधन नजर आ रहा था। जेजेपी पार्टी भाजपा की बी टीम नहीं बल्कि जेजेपी बेंच पर बैठने वाली भाजपा के रिजर्व खिलाड़ी है। जिस तरह से मैचों में रिवर्ज खिलाड़ी टीम में रखे जाते है उसी भूमिका में जेजेपी आज नजर आ रही है। बीजेपी जिसे चाहेंगी उसे ही जेजेपी लोकसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार बनाएगी। विश्वास, अविश्वास प्रस्ताव पर विधानसभा में ये तो देखने में आता है कि कोई भी पार्टी अपने विधायकों को पक्ष या विपक्ष में मतदान करने के लिए विहिप जारी करती है लेकिन जेजेपी ने विधायकों को विधानसभा नहीं पहुंचने का विहिप जारी करना गठबंधन न होते हुए गठबंधन नजर आया।

### पोर्टल के चक्कर में उलझाया

भाजपा जमीनी स्तर पर खुद को मजबूत नहीं कर पाई है। भाजपा सरकार के दस साल के शासनकाल से हर कोई तंग है। हर किसी को पोर्टल के चक्कर में उलझा कर रख दिया। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि तीन राज्यों में मिली जीत, अयोध्या में राम मंदिर के बाद जो ग्राफ भाजपा का बढ़ा था वो अब नीचे आने लगा है। इसका कारण दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, कांग्रेस पार्टी के खातों को सीज करना, इलेक्ट्रोरोल बांड का मुद्दा सामने आने के बाद जनता सब सच्चाई जान चुकी है। ये तीनों मुद्दे भाजपा सरकार की हार का कारण बनेंगे। केजरीवाल को गिरफ्तार करना था, कांग्रेस के खाते सीज करने थे तो एक साल पहले करते। चुनाव के समय इस तरीके की हरकत करना प्रजातंत्र नहीं है। इंडिया गठबंधन एक विपक्ष का संयुक्त रूप है। कांग्रेस पार्टी पूरी तैयारी के साथ लड़ेगी तो लोकसभा में ही नहीं बल्कि हरियाणा में विस चुनाव में भी भाजपा को हराने का काम करेगी।

### 26 अप्रैल तक वोट बनवाने का मौका

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों में वोट बनवाने का नागरिकों के पास अब भी आखिरी मौका है। नागरिक 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं और चुनाव का पर्व-देश का गर्व में उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पात्र व्यक्ति संबंधित बीएलओ निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म-6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। यह फॉर्म मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, जो डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED**

District Office- Hafed, Rohtak (Haryana). TEL: (01262)- 276856
E.Mail: dmhfdrtk@hry.nic.in

**E-TENDER NOTICE FOR TRANSPORTATION OF FERTILIZER**

The Haryana State Cooperative Supply and Marketing Federation Limited (HAFED) Rohtak invites E-tender for various transport operation of fertilizer to be handled for district Rohtak and Jhajjar (including various centres) of fertilizer from Rail Head / Hafed Rohtak, to various Mini Banks/PACS in the jurisdiction of district Rohtak and Jhajjar, and other places outside of district in Haryana for the period from 01.04.2024 to 31.03.2025.

| Sr. No. | Name of Centre | Amount of Earnest for Transportation | Tender Document Fee and E services fees | Start Date & Time of Bid Preparation & Submission | Expiry Date & Time of Bid Preparation & Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rohtak | 20,000 | Rs. 500/-+ | 29.03.2024 | 02.04.2024 |
| 2. | Jhajjar | 15,000 | Rs. 1000/-=1500/- | At 05.00 P.M. | At 05.00 P.M. |

The tender document containing eligibility criteria and other terms & conditions is available at Haryana Single e-procurement portal at https://etenders.hry.nic.in or Hafed website www.hafed.gov.in The schedule of downloading of tender document & bid submission and opening of Technical & Financial Bid is given as under :-

| SN | Particulars | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Super scribed No. of Tender | Hafed/DOR/Fert./Tender |
| 2 | On line submission of EMD, Tender Fee & e-service Fee | Upto 5:00 PM on 29.3.2024 |
| 3 | On line Bid submission | Upto 05.00 PM on 02.04.2024 |
| 4 | Date and Time of opening of Technical Bids | At 11.30 AM on 03.04.2024 |
| 5 | Date and Time of opening of Financial Bids of only valid Tenderer | As per decision of the tender committee |

All bidders are required to get register on e-tendering portal https://etenders.hry.nic.in for applying of online e-tender. Technical & Financial bid will be opened at District Office, Hafed Rohtak and negotiations will be held on the same day. Hafed reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

Sd/- District Manager
Hafed Rohtak

**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED**

District Office- Hafed, Rohtak (Haryana). TEL: (01262)- 276856
E-Mail : dmhfdrtk@hry.nic.in

**RE-TENDER NOTICE FOR LABOUR & CARTAGE OF FERTILIZER**

The Haryana State Cooperative Supply and Marketing Federation Limited (HAFED) Rohtak invites RE-tender for various Labour operations and Cartage of Fertilizer to be handled for district Rohtak and Jhajjar (including various centres) for the period from 01.04.2024 to 31.03.2025

| Sr. No. | Name of Centre | Amount of Earnest for Labour & Cartage | Tender Document Fee and E services fees | Start Date & Time of Bid Preparation & Submission | Expiry Date & Time of Bid Preparation & Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Rohtak** District | 20,000 | Rs. 500/-+ | 29.03.2024 | 02.04.2024 |
| 2. | **Jhajjar** District | 15,000 | Rs. 1000/-=1500/- | At 05.00 P.M. | At 05.00 P.M. |

The tender document containing eligibility criteria and other terms & conditions is available at Haryana Single e-procurement portal at https://etenders.hry.nic.in or Hafed website www.hafed.gov.in. The schedule of downloading of tender document & bid submission and opening of Technical & Financial Bid is given as under :-

| SN | Particulars | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Super scribed No. of Tender | Hafed/DOR/Fert./Tender |
| 2 | On line submission of EMD, Tender Fee & e-service Fee | From 05:00 PM on 29.03.2024 |
| 3 | On line Bid submission | Upto 05.00 PM on 02.04.2024 |
| 4 | Date and Time of opening of Technical Bids | At 11.00 AM on 03.04.2024 |
| 5 | Date and Time of opening of Financial Bids of only valid Tenderer | As per decision of the tender committee |

All bidders are required to get register on e-tendering portal https://etenders.hry.nic.in for applying of online e-tender. Technical & Financial bid will be opened at District Office, Hafed Rohtak and negotiations will be held on the same day. Hafed reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

Sd/- District Manager,
Hafed Rohtak

### चुनाव आयोग ने गुरुग्राम के ज्वाइंट सीपी दुग्गल को हटाया, पंचकूला भेजा

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम (फील्ड) के ज्वाइंट सीपी दुग्गल को शिकायत के आधार पर हटाकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेशों के बाद में पंचकूला पुलिस मुख्यालय सेक्टर छह में तैनात कर दिया गया है। यहां पर उल्लेखनीय है कि बीती रात दुग्गल को हटाए जाने की पुष्टि हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आफिस की ओर से भी कर दी गई थी। आईपीएस राजेश दुग्गल की चुनाव आयोग और हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की थी। राजेश दुग्गल सिरसा से भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल के पति हैं।

**सांसद का एतराज, आयोग को पत्र लिखा :** सांसद सुनीता दुग्गल ने उनके पति आईपीएस का ट्रांसफर करने पर ऐतराज जताया है। उन्होंने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल और चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। सुनीता दुग्गल ने कहा कि वे खुद चुनाव नहीं लड़ रही हैं, उनके पति का ट्रांसफर कैसे क्यों कर दिया गया वैसे भी उनका निर्वाचन क्षेत्र सिरसा है । उनके पति गुरुग्राम में तैनात थे।

### पढ़े-लिखों को रोजगार देने में सरकार विफल: सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा की मोदी सरकार 10 साल के दौरान पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह से विफल रही है। देश के कुल बेरोजगारों में 83 प्रतिशत संख्या युवाओं की है। जबकि, इसमें शिक्षित बेरोजगारों की संख्या साल 2022 में ही बढकर 65.7 प्रतिशत पहुंच चुकी है, जो 2012 में 58.9 प्रतिशत थे। हर साल 02 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा सिर्फ जुमला ही था। सैलजा ने कहा कि पढ़-लिखने के बावजूद रोजगार न मिलने का खुलासा भारत रोजगार रिपोर्ट : 2024 से होता है।



### दसों सीटों पर भाजपा की जीत तय : विस स्पीकर

**पंचकूला।** लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक मतों से जीतने के लिए भाजपा जुटी हुई है। दस की दस सीटें जीतने के लक्ष्य को लेकर भाजपा लगातार बैठकें कर कार्यकर्ताओं में जोश भर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पंचकूला जिला के बरवाला मंडल, नाड्डा मंडल, मोरनी मंडल, रायपुररानी मंडल की संगठनात्मक बैठक हुई। इन बैठकों में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया, पूर्व विधायक लतिका शर्मा और जिला अध्यक्षा दीपक शर्मा मौजूद रहे। इन सभी नेताओं ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने, मोदी और नायब सरकार की योजनाओं व नीतियों की जानकारी देने, नए वोटरों से संपर्क करने का आह्वान किया। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है।

# फरीदाबाद में महेन्द्र प्रताप पर दांव खेल सकती है कांग्रेस

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद



■ सीडब्ल्यूसी की बैठक में उनके नाम पर लगी मुहर, 31 मार्च को औपचारिक घोषणा

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह को चुनावी समर में उतारेगी। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में उनकी उम्मीदवारी पर अंतिम फैसला ले लिया गया है और 31 मार्च को उनकी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी। वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव दो चिर प्रतिद्विन्द्वीयों कांग्रेस के महेन्द्र प्रताप सिंह और भाजपा के कृष्णपाल गुर्जर के बीच ही होगा और परिणाम चाहे जो भी रहे पर इतना तय है इस बार रण भीषण होगा। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव के लिए नर्वितमान सांसद कृष्णपाल गुर्जर पर ही भरोसा जताया। यह अलग बात रही कि टिकट की घोषणा होने तक हरियाणा सरकार में पूर्व में मंत्री रहे विपुल गोयल ने उनके पसीने छुड़ाए रखे। कांग्रेस की जहां तक बात की जाए तो टिकट का पैनल दो धुंरधंरों के बीच ही बना रहा। कांग्रेस के पैनल में पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह व करण दलाल के नाम ही शामिल रहे। जहां तक बात की जाए महेन्द्र प्रताप सिंह की तो वह लोकसभा चुनाव स्वयं न लड़कर अपने पुत्र विजय प्रताप सिंह को लड़ाना चाह रहे थे। कांग्रेस सूत्रों की माने तो कांग्रेस आला कमान ने करण दलाल की बजाय महेन्द्र प्रताप सिंह पर ही भरोसा जताया है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि महेन्द्र प्रताप सिंह को सीधे लफ्जों में कह दिया गया है कि लोकसभा चुनाव उन्हें ही लड़ना पड़ेगा। महेन्द्र प्रताप सिंह की उम्मीदवारी से एक बात साफ है कि चुनाव दिलचस्प होगा।

### अर्जुन सिंह गुर्जर व भूम सिंह राणा ने कांग्रेस की सदस्यता की ग्रहण



**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में दो बड़े नेताओं की ज्वाइनिंग हुई है। जगाधरी से पूर्व विधायक और जननायक जनता पार्टी के उपाध्यक्ष व यमुनानगर इकाई अध्यक्ष रहे अर्जुन सिंह गुर्जर ने शुक्रवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। उनके साथ भाजपा नेता भूम सिंह राणा ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। राणा हजकां की टिकट पर दो बार नारायणगढ़ से चुनाव भी लड़ चुके हैं। दोनों नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में पार्टी ज्वाइन की। हुड्डा व उदयभान ने दोनों का कांग्रेस में स्वागत किया तथा मान सम्मान का भरोसा दिलवाया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

ई–टेंडरिंग

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–32/2023–24 दिनांक: 28.03.2024**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (₹) | बोली प्रतिभूति (₹) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30-विद्युत-50/2023-24 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल में बठिण्डा, धूरी, राजपुरा, सरहिंद और नंगलडैम में 03 वर्ष की अवधि के लिए किराए के आधार पर डेजर्ट कूलर के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | ₹28,39,702.50 | ₹56,800/- | 36 महीने | 22.04.2024 |
| 2. | 30-विद्युत-51/2023-24 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल में सहारनपुर, जगाधरी वर्कशॉप, अंबाला चंडीगढ़ और कालका में 03 वर्ष की अवधि के लिए किराए के आधार पर डेजर्ट कूलर के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | ₹22,83,120.81 | ₹45,700/- | 36 महीने | 22.04.2024 |
| 3. | 30-विद्युत-52/2023-24 (ओपन टेंडर) | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कालका, अबोहर, अंब अंदौरा, सरहिंद और यमुनानगर जगाधरी स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के संबंध में लिफ्ट का प्रावधान, सुगम्य भारत अभियान के तहत आनंदपुर साहिब और अंबाला शहर रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट का प्रावधान और सुगम्य भारत अभियान के तहत रूपनगर, संगरूर धुरी, पटियाला, मालेरकोटला और नंगल डैम रेलवे स्टेशन में लिफ्ट का प्रावधान, सीपीएम/ जीएस/ अंबाला डिवीजन के तहत कार्य। | ₹5,76,01,462.58 | ₹4,38,000/- | 12 महीने | 22.04.2024 |

1. निविदाकारों को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3. कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5. जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

940/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चिराग योजना के तहत आवेदन करने का अंतिम दिन कल
# प्रदेश 551 निजी स्कूलों ने दिया खाली सीटों का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शिक्षा विभाग ने चिराग योजना यानि मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत सहायता के तहत विद्यार्थी 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। प्रदेश के 551 निजी स्कूलों ने साइट पर खाली सीटों पर ब्यौरा दिया हैं। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी इन स्कूलों में दाखिला ले सकेंगे। निजी स्कूलों को कक्षा अनुसार सीटों का विवरण भी साइट पर दर्शाना होगा। इसके साथ ही निर्धारित सीटों का विवरण 10 मार्च से नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करना होगा, जिससे अभिभावक व बच्चे सीटों का विवरण देखकर दाखिले के लिए आवेदन कर सकेंगे। योजना में दाखिले लेने वाले विद्यार्थी के परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। चिराग योजना के तहत दाखिले की प्रक्रिया 15 अप्रैल तक चलेगी।


महेंद्रगढ़। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

## यह रहेगा आगामी शेड्यूल

- छात्र सहमत मान्यता प्राप्त स्कूलों में 10 मार्च से 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।
- जिन स्कूलों में सीटों से ज्यादा आवेदन होंगे वहां पर एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक की अवधि में ड्रा निकाले जाएंगे।
- स्कूलों को 10 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी है। इसके अलावा रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों के 15 अप्रैल तक दाखिले किए जाने हैं।
- योजना में कक्षा चौथी से 12वीं के विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे।
- विद्यार्थी को सरकारी स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र लाना अनिवार्य रहेगा।
- दाखिले के लिए विद्यार्थी का परिवार पहचान-पत्र होना अनिवार्य है।
- परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये या इससे कम होनी चाहिए।
- दाखिला प्रक्रिया को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को विभागीय नॉमिनी नियुक्त करना होगा। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, मुख्याध्यापक, पीजीटी आदि शामिल होंगे।

| जिले का नाम | स्कूलों की संख्या | जिले का नाम | स्कूलों की संख्या |
|---|---|---|---|
| अंबाला | 27 | महेंद्रगढ़ | 9 |
| भिवानी | 56 | मेवात | 14 |
| दादरी | 19 | पलवल | 13 |
| फरीदाबाद | 4 | पंचकूला | 7 |
| फतेहाबाद | 31 | पानीपत | 29 |
| गुरुग्राम | 10 | रेवाड़ी | 11 |
| हिसार | 45 | रोहतक | 12 |
| झज्जर | 22 | सिरसा | 43 |
| जींद | 48 | सोनीपत | 35 |
| कैथल | 31 | यमुनानगर | 12 |
| करनाल | 30 | कुल | 551 |
| कुरुक्षेत्र | 41 | | |

**महेंद्रगढ़ में केवल 9 स्कूलों ने साइट पर खाली सीटों का ब्योरा दर्शाया**




## खबर संक्षेप


यमुनानगर। लाखों रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में बैठे हुए।

### लाखों रुपये की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने दो नशातस्करों को गिरफ्तार कर उनसे लाखों रुपये की स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर ले लिया। रिमांड के दौरान आरोपियों से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

### किसानों को एमएसपी देने के वादे की खुली पोल

**चंडीगढ़।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि किसानों को एमएसपी देने वाले बीजेपी के वादे की पोल एकबार फिर खुल गई है। क्योंकि प्रदेश की मंडियों में आज किसानों की सरसों एमएसपी से 900-1000 रुपये कम रेट पर बिक रही है। सरकारी खरीद नहीं होने के चलते किसान प्राइवेट एजेंसियों के हाथों लुट रहे हैं। कांग्रेस और किसानों द्वारा बार-बार मांग उठाए जाने बावजूद सरकार ने अबतक सरसों की खरीद शुरू नहीं की गई।

### हिसार भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ आयोग से शिकायत

**हिसार।** हिसार लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह का सुशीला भवन में चुनाव कार्यालय खोलने को भ्रष्ट आचारण करार देते हुए इसको आदर्श चुनाव आचार संहिता उलंघन बताते हुए हिसार के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश जाखड़ ने चुनाव आयोग जिला कलेक्टर कम डिप्टी कमिश्नर, नगर निगम के आयुक्त को शिकायत भेजी है। अपनी शिकायत में एडवोकेट राजेश जाखड़ ने कहा कि नगर निगम के प्रोपर्टी रिकॉर्ड के अनुसार सुशीला भवन सरकारी जमीन पर बना हुआ है और उसकी लीज काफी वर्षों पहले खत्म हो चुकी है। सुशीला भवन का बाकी प्रांगण सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाया गया है। सरकारी जमीन पर कार्यालय नहीं खोला जा सकता।

**लोकसभा चुनाव को लेकर सख्ती:** केएमपी पर सीआईए ने पकड़ा

# ट्रक में 50 लाख की शराब पकड़ी, प्लाई के नीचे दबाकर पहुंचाई जा रही थी बिहार

- राजस्थान के जोधपुर से पश्चिमी बंगाल की प्लाई की फर्जी बिल्टी के साथ जा अवैध शराब लेकर बिहार जा रहा था
- पुलिस अब इस बात का पता लगाने में जुटी है कि इस शराब की बड़ी खेप का कहीं लोकसभा चुनाव में तो इस्तेमाल नहीं होना था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

## ट्रक चालक पुलिस की गिरफ्त में



नूंह। पकड़ा गया ट्रक और आरोपित पुलिस के गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

नूंह पुलिस की सीआईए नूंह ने फर्जी बिल बिल्टी के माध्यम से गाड़ी ट्रक में प्लाइवुड के नीचे अवैध शराब भरकर ले जाने के जुर्म में एक आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रक से करीब 50 लाख कीमत की 778 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब (9336 बोतल) बरामद कीडीएसपी अजायब सिंह नूंह ने बताया कि सीआईए नूंह प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के अलावा सीआईए स्टाफ में तैनात सहायक उप-निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ गस्त में नूंह - सोहना रोड पर केएमपी पुल के नीचे मौजूद था । उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई की एक गाड़ी ट्रक चालक अपने ट्रक में अवैध अंग्रेजी शराब भरकर बेचने के लिए केएमपी रोड कुण्डली से पलवल होते हुए बिहार जाएगा। सूचना के आधार पर टीम द्वारा उपरोक्त स्थान पर नाकाबन्दी शुरू की गई । जो कुछ समय बाद उक्त गाड़ी आती हुई दिखाई दी, जिसको पुलिस टीम ने रोककर उसके चालक का नाम पता पुछा तो चालक ने अपना नाम अशोक कुमार पुत्र आईदान सिंह निवासी दुन्गरा जिला बाढ़मेर राजस्थाना बताया। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी में प्लाइवुड के नीचे अंग्रेजी शराब की अलग- अलग मार्का की कुल 778 पेटी (9336 बोतल) अवैध शराब भरी हुई थी। गाड़ी चालक से कागजात मांगने पर चालक ने जोधपुर राजस्थान से सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल की बनी प्लाइवुड की एक फर्जी बिल बिल्टी पेश की तथा बरामद शराब के सम्बंध में कोई कागजात पेश नहीं किये। पुलिस ने अवैध शराब को कब्जे में लेकर थाना रोजकामेव में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मुकदमा में ट्रक चालक अशोक कुमार को नियमानुसार गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया । पुलिस अब इस बात का पता लगाने में जुटी है कि इस शराब की बड़ी खेप का कहीं लोकसभा चुनाव में तो इस्तेमाल नहीं होना था।

### पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई कर रहे युवक को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना शहर यमुनानगर पुलिस ने इंडस्ट्रीज एरिया मे नशे की सप्लाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 19 ग्राम 10 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच रही है। टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक इंडस्ट्रीज एरिया में नशा बेचने की फिराक में घूम रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर निर्मल सिंह, कुशल पाल राणा, एएसआई लाभ सिंह, प्रदीप व सुरेश की टीम का गठन किया गया।

# बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में नकल के 10 केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जा रही सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक व मुक्त विद्यालय) की व्यवसाय अध्ययन व संगीत (सभी विकल्प) विषयों की परीक्षा में प्रदेशभर में नकल के कुल दस मामले दर्ज किए गए। शुक्रवार को 963 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित हुई व्यवसाय अध्ययन व संगीत (सभी विकल्प) विषयों की परीक्षा में 29696 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए।बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि उनके स्वयं के उड़नदस्ते द्वारा जिला-सोनीपत व हिसार के उपमंडल हांसी के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां परीक्षा नकल रहित एवं शान्तिपूर्वक ढ़ंग से चल रही थी। बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते द्वारा जिला-भिवानी के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां परीक्षा केन्द्र पैरामाऊंट स्कूल ऑफ सॉईस, खापड़वास पर अनुचित साधन के चार मामले दर्ज किए। बोर्ड के अन्य उड़नदस्तों द्वारा प्रदेशभर में अनुचित साधन प्रयोग के छह केस दर्ज किए गए। प्रदेशभर में कल 589 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित होने वाली सीनियर सेकेंडरी की ललित कला की परीक्षा में 18424 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे।

**रबी फसलों की खरीद के पुख्ता इंतजाम, एसीएस ने उपायुक्तों को दिए निर्देश**

# एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं की खरीद 417 मंडियों में खरीद केंद्र बनाए गए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा में रबी सीजन-2024 के तहत 26 मार्च से सरसों की खरीद की जा रही है और अब आगामी 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद की जाएगी, जिसके लिए 417 मंडिया/खरीद केंद्र बनाए गए हैं। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में गेहूं की ज्यादा आवक आने की उम्मीद है, जिसे देखते हुए फसलों की खरीद के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस बार भी फसल खरीद का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से 48 से 72 घंटे के अंदर-अंदर सीधे किसानों के खातों में किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा ने आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी) के साथ खरीद की तैयारियों के संबंध में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ सुमिता मिश्रा ने निर्देश देते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चार खरीद एजेंसियां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, एचएसडब्ल्यूसी और एफसीआई (केंद्रीय एजेंसी) फसलों की खरीद करेगी।

**राज्यपाल ने जेसी बोस विश्वविद्यालय में विवि कोर्ट की 12वीं बैठक की अध्यक्षता की**

# ढांचागत सुविधाओं, पुस्तकालयों तथा पाठ्येतर गतिविधियों पर बजटीय आवंटन बढ़ाए विवि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालयों में ढांचागत सुविधाओं, पुस्तकालय तथा पाठ्येतर गतिविधियों पर बजटीय आवंटन को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए जरूरी है कि विद्यार्थियों को अच्छी सुविधाएं मिले।

विद्यार्थी ज्यादा समय पुस्तकालयों में बिताएं और पाठ्येतर गतिविधियों, विशेष रूप से खेल गतिविधियों से खुद को जोड़े। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जो कि हरियाणा के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी है, आज यहां जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में विश्वविद्यालय कोर्ट की 12वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा भी उपस्थित थीं। बैठक में कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा ने विश्वविद्यालय कोर्ट का एजेंडा प्रस्तुत किया, जिसमें वर्ष 2022-23 का वार्षिक लेखा, वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट तथा वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजटीय आवंटन शामिल रहे।

# खाना लेने गए डॉक्टर का अपहरण, चलती गाड़ी से कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे रोड पर गुरुवार देर रात खाना पैक कराने गए एक प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर का एक गाड़ी में अपहरण कर लिया गया। नेशनल हाइवे की ओर जाते समय एक ट्रक आगे आने से गाड़ी की रफ्तार धीमी पड़ने से डॉक्टर ने कूदकर अपनी जान बचाई। डॉक्टर को हादसे में चोटें आई हैं। मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुष्पांजलि अस्पताल में कार्यरत महेंद्रगढ़ के छाजूपुरम कॉलोनी निवासी डा. मनीष ने बताया कि वह वीरवार की रात वह अस्पताल में ड्यूटी पर था। वह रेलवे रोड पर एक रेस्टोरेंट से खाना पैक कराने के लिए गया था। ऑर्डर देने के बाद वह रेस्टोरेंट के बाहर खड़ा हो गया। इसी दौरान दो लोग उसके पास आकर उसे डॉक्टर साहब के नाम से संबंधित करते हुए बात करने लगा। उसे लगा कि यह लोग उसे जानते हैं। इसके बाद डा. मनीष खाना पैक कराने के बाद गाड़ी से अस्पताल जाने लगा तो उन लोगों ने उसकी गाड़ी रुकवा ली। उसने अपनी साइड में लगा दी। दोनों ने उसे जरूरी बात करने के बहाने अपन स्विफ्ट गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद उन्होंने गाड़ी हाइवे की ओर भगा दी।

### अंदेशा होने पर दोस्त को भेजी लोकेशन

डॉ. मनीष ने बताया कि उसे दोनों के इरादों पर संदेह हो गया। गाड़ी रोकने के लिए कहा तो दोनों गाली-गलौज करते कहा कि आज उसका अंजाम बुरा हो गया। अनिष्ट की आशंका को देखते हुए उसने मौका पाकर अपने दोस्त अशोक को लोकेशन भेज दी। रास्त में एक पुल के पास गाड़ी के आगे ट्रक आने से गाड़ी मंद पड़ गई। वह मौका पाकर चलती गाड़ी से कूद गया। उससे उसके सिर में चोटें आई हैं। दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। उसके दोस्त अशोक ने आकर उसे अस्पताल पहुंचाया।

### अफसरों के रवैये का खामियाजा स्कूल संचालक भोग रहे : डॉ. शर्मा

**चंडीगढ़।** नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (निसा) राष्ट्रीय अध्यक्ष और फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर ऐसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि शिक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले प्राइवेट स्कूल्स गलत नीतियों के कारण अफशरशाही का शिकार हो गए हैं।

GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LUVAS HISAR | PURCHASE OF 7300 QUINTALS OF WHEAT STRAW (TURI) | 18.03.2024 08.04.2024 | 55.40 LACS | www.luvas.edu.in | [illegible] |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/26059/I/88/6 दि. 29.03.24

# लालू यादव के दामाद को कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी एआईसीसी सचिव के साथ राजस्थान का प्रभार

- कैप्टन अजय सिंह यादव की नाराजगी दूर करने के लिए बेटे को महत्व
- चुनाव लड़ने से इनकार ने भी बनाया हाईकमान पर दबाव


लालू यादव | कैप्टन अजय यादव | विधायक चिरंजीव राव

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

पार्टी के शीर्ष नेताओं से नाराजगी जताते हुए गुरुग्राम सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर चुके पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव के बेटे और बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव के दामाद विधायक चिरंजीव राव को कांग्रेस ने एआईसीसी का सचिव बनाकर राजस्थान लोकसभा चुनाव का सह प्रभार सौंपा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर दबाव की कैप्टन अजय सिंह यादव की राजनीति लोस चुनावों के ऐन मौके पर अपना काम कर गई है। पार्टी की ओर से उनके बेटे को बड़ी जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद एक बार फिर गुरुग्राम सीट पर कैप्टन के ही चुनाव लड़ने के कयास लगाए जाने लगे हैं। कांग्रेस ओबीसी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव अहीरवाल के दिग्गज नेता माने जाते हैं। इस क्षेत्र में वह कांग्रेस पार्टी के सबसे कद्दावर नेता हैं। वह रेवाड़ी हलके से लगातार 6 बार कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। कांग्रेस चुनाव समिति में स्थान नहीं दिए जाने के बाद से ही कैप्टन पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं के प्रति खुलकर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। पार्टी में टिकट के लिए आवेदन की परिपाटी शुरू करना भी रास नहीं आया था। इसके बाद कैप्टन ने इस बार गुरुग्राम से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।

### कैप्टन को टिकट भी थमा सकती है पार्टी

बेटे को एआईसीसी में महत्वपूर्ण पद देने के बाद कांग्रेस हाईकमान वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय सिंह यादव को एक बार फिर गुरूग्राम से लोकसभा चुनाव मैदान में उतार सकती है। कैप्टन इस सीट पर सबसे मजबूत प्रत्याशी साबित हो सकते हैं, जो भाजपा को प्रभावी ढंग से चुनौती दे सकते हैं। गत लोकसभा चुनावों में वह लगभग 5 लाख वोट हासिल करने में कामयाब रहे थे, जबकि वर्ष 2014 में कांग्रेस प्रत्याशी राव धर्मपाल डेढ़ लाख मतों का आंकड़ा भी नहीं छू पाए थे। अगर कैप्टन को गुरूग्राम से टिकट दी जाती है, तो कांग्रेस में उनके विरोधी खेमे के लिए यह बड़ा झटका भी हो सकता है।



### कोलकाता की लगातार दूसरी जीत, वेंकटेश की फिफ्टी

# वेंकटेश और नारायण के तूफान में उड़ा आरसीबी, केकेआर सात विकेट से जीता

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू



वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक और सुनील नारायण की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने वेंकटेश (50 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) और नारायण (47 रन, 22 गेंद, पांच छक्के, दो चौके) की तूफानी पारियों से 19 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नारायण और फिल सॉल्ट (30 रन, 20 गेंद, दो छक्के, दो चौके) ने पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 86 रन जोड़कर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई जबकि वेंकटेश ने कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 39 रन, 24 गेंद, दो चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर जीत की राह आसान की। केकेआर इस तरह मौजूदा सत्र में मेजबान टीम को हराने वाली पहली टीम बना। आरसीबी ने इससे पहले कोहली की 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे केकेआर को नारायण और सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सॉल्ट ने सिराज के पहले ओवर में दो छक्कों और एक चौके से शुरुआत की जबकि नारायण ने तीसरे ओवर में अल्जारी जोसेफ पर दो छक्के मारे। नारायण ने छठे ओवर में यश दयाल को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में दो छक्कों और एक चौके से 21 रन जुटाए। केकेआर ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 85 रन बनाए जो मौजूदा सत्र में शुरुआती छह ओवर में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। मयंक डागर ने सातवें ओवर में नारायण को बोल्ड करके आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। विजय कुमार विशाख ने अगले ओवर में सॉल्ट को डीप स्क्वायर लेग पर ग्रीन के हाथों कैच कराके नाइट राइडर्स का स्कोर दो विकेट पर 92 रन किया। वेंकटेश ने नौवें ओवर में डागर पर छक्के के साथ टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर जोसेफ के ओवर में दो छक्के और दो चौके मारे। वेंकटेश ने सिराज पर छक्के और एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। केकेआर को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए सिर्फ 16 रन की दरकार थी। वेंकटेश ने दयाल की गेंद पर कोहली को कैच थमाया लेकिन अय्यर और रिंकू सिंह (नाबाद 05) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कोहली ने इस बीच वेंकटेश के कैच के साथ आईपीएल में सर्वाधिक 109 कैच के सुरेश रैना के रिकॉर्ड की बराबरी की। अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कोहली ने मिशेल स्टार्क (बिना विकेट के 47 रन) की पारी की पहली गेंद पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी (08) ने हर्षित राणा पर छक्का मारा लेकिन इस तेज गेंदबाज की अगली गेंद को शॉर्ट थर्ड मैन पर स्टार्क के हाथों में खेल गए। कोहली ने अगले ओवर में स्टार्क की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा जबकि ग्रीन ने भी चौके से खाता खोला। ग्रीन ने 500वां टी20 खेल रहे सुनील नारायण का स्वागत छठे ओवर में लगातार दो चौकों और एक छक्के के साथ किया जिससे आरसीबी ने पावर प्ले में एक विकेट पर 61 रन बनाए। कोहली ने भी इस ऑफ स्पिनर पर छक्का जड़ा।

**बेंगलोर-182/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 83 |
| डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित | 08 |
| कैमरन ग्रीन बो रसेल | 33 |
| मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण | 28 |
| रजत पाटीदार का रिंकू बो रसेल | 03 |
| अनुज का सॉल्ट बो हर्षित | 03 |
| दिनेश कार्तिक रन आउट | 20 |

अतिरिक्त: 04
कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 182 रन
विकेट पतन: 1-17, 2-82, 3-124, 4-144, 5-151, 6-182
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0

**कोलकाता-186/3 (16.5)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का ग्रीन बो विशाख | 30 |
| सुनील नारायण बो डागर | 47 |
| अय्यर का कोहली बो दयाल | 50 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 39 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 05 |

अतिरिक्त: 15
कुल: 16.5 ओवर में तीन विकेट पर: 186 रन
विकेट पतन: 1-86, 2-92, 3-167
गेंदबाजी: सिराज 3-0-46-0, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-34-0, डागर 2.5-0-23-1, विशाख 4-0-23-1, ग्रीन 1-0-7-0

# नियमों को लेकर जंग, पोंटिंग-गांगुली की वजह से बीच में रोका गया मैच

एजेंसी ▶▶ जयपुर



आईपीएल के नौवें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग और टीम के डॉयरेक्टर सौरव गांगुली ने बवाल मचा दिया। दोनों की वजह से इस मैच को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। हालांकि, अंपायर नितिन मेनन ने दोनों को समझाकर मामला शांत कराया और मैच दोबारा शुरू हुआ। दरअसल, यह घटना दिल्ली की पारी के पहले ओवर की है। दो गेंदों के बाद अचानक मैच रोक दिया गया। पोंटिंग और गांगुली ने रोवमैन पॉवेल के मैदान पर पहुंचने पर आपत्ति जताई। उन्होंने डगआउट से ही अंपायर्स से बहस करना शुरू कर दिया। राजस्थान ने शिमरोन हेटमायर की जगह नांद्रे बर्गर को इम्पैक्ट सब के रूप में चुना था। टीम ने उन्हें प्लेइंग 11 का हिस्सा दिल्ली की पारी शुरू होने से पहले बना लिया।

## जीत के लिए आलराउंड प्रयास करेंगे सुपर जायंट्स

**लखनऊ।** केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होंगी। लखनऊ सुपर जायंट्स को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाए थे और वे प्रभावित नहीं कर सके। मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी।

## फ्रांस ने ओलंपिक के लिए मांगी विदेशी पुलिस और सैन्य मदद

*पेरिस। फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी।*

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Vinay Sharma
Additional Civil Judge
(Senior Division), Jhajjar
1. Gagan(Minor) S/o Devraj S/o Ran Singh throguh his mother Smt. Hirdesh Wd/o Devraj S/o Ran Singh
Vs.
General Public of India
CNR No. HRJR02-000295-2024
Next Date:- 18-04-2024
PUBLICATION ISSUED TO:
General Public of India
:- India
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 18-04-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- (VINAY SHARMA)
Additional Civil Judge
(Senior Division) Jhajjar
Dated, this day of 21-03-2024

**(Reminder-II)**
**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Vinay Sharma
Additional Civil Judge
(Senior Division), Jhajjar
Jogender
Vs.
Mohan Lal
CNR No. HRJR02-000046-2022
Next Date:- 27-05-2024
PUBLICATION ISSUED TO:
Def No. 3 : Ramphal
Def No. 4 : Madan
Def No. 5 : Khazani
:- All above D/o Shanti Devi D/o Maman Village Girawar Tehsil and District Jhajjar and Biswedar of Village Bir Sunarwala, Tehsil and District Jhajjar
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 27-05-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- (VINAY SHARMA)
Additional Civil Judge
(Senior Division) Jhajjar
Dated, this day of 15-03-2024

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF SH. RAJ KUMAR YADAV
Additional District and Sessions Judge
Rohtak
Next Date, Purpose of case, Orders and Judgments as well as other case information is available on http://ecourts.gov.in
Baru Ram S/o Shri Ram Chander
Vs.
General Public
CNR No. HRRH01-002239-2024
Next Date:- 25-04-2024
PUBLICATION ISSUED TO:
General Public :-
Rohtak.
Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s)/respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/them and should appear personally or through their counsel on 25-04-2024 at 10:00 a.m.
Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence according to law.
Given under my hand and the seal of the Court, this 22-03-2024.
Sd/-
Additional District and Sessions Judge,
Rohtak

# सिंधू हारी, सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स के सेफा में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। पिछले साल इस टूर्नामेंट की उप विजेता रहीं सिंधू ने पहले गेम में कई गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बावजूद उन्हें थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26 21-17 22-20 से हरा दिया। स्पेन की कैरोलिना मारिन के हटने के बाद खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अंत में धैर्य खो दिया और कोर्ट पर अपना रैकेट दे मारा जिसके लिए चेयर अंपायर ने उन्हें पीला कार्ड दिखाया। पीला कार्ड गलत आचरण की चेतावनी के लिए दिया जाता है। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपत्ति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 14-21 21-11 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की तीसरी वरीय महिला युगल जोड़ी को हालांकि क्वार्टर फाइनल में ली चिया सिन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ 13-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा के खिलाफ आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले दो साल में कुछ रोमांचक मुकाबले खेले गए हैं। सिंधू की शुरुआती धीमी रही और वह जल्द ही 3-7 से पिछड़ गईं। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 14-10 किया।

# उन्मुक्त चंद आउट, अमेरिका ने 15 सदस्यीय टी-20 टीम का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

कनाडा के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अमेरिका ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। मोनंक पटेल के हाथों में टीम की बागडोर सौंपी गई है। वहीं, एरोन जोन्स को उकप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, उन्मुक्त चंद टीम में जगह बनाने में असफल रहे हैं। अमेरिका की 15 सदस्यीय टीम में कई चौंकाने वाले नाम शामिल हैं। साल 2012 में भारत की अंडर 19 चैंपियन टीम का हिस्सा रहे हरमीत सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल चुके मिलिंद कुमार को भी टीम में रखा गया है। भारत को अंडर-19 चैंपियन बनाने वाले कप्तान उन्मुक्त चंद को अमेरिका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है।

## इंग्लैंड ने 4-1 से जीती सीरीज...




**वेलिंग्टन।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज 4-1 से जीत लिया। शुक्रवार को पांचवे मैच में मेजबान न्यूजीलैंड को 5 विकेट से शिकस्त मिली। पहले बललेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 6 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 18 .5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

**इंडिया के नं 1 तांत्रिक**
**गुरु भवानी जी**
**खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ**



**7 इल्मों के माहिर**
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**

**समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये**
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
**दीपक शास्त्री**
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## डॉ.प्रमोद पहारिया को प्राइड ऑफ एमपी अवार्ड




**ग्वालियर।** डॉ.मोहन यादव, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ.प्रमोद पहारिया को प्राइड ऑफ एमपी अवार्ड से सम्मानित किया। उनको यह उपलब्धि रीढ़ की हड्डी का उपचार बिना ऑपरेशन मात्र इंजेक्शन तकनीक से इलाज के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए प्राप्त हुई है। डॉ.पहारिया सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के पूर्व स्पाइन सर्जन रह चुके हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन, पुत्र:** मान सिंह, **पता:** वीपीओ हेतमपुरा, तहसील एवं जिला, भिवानी ने **CC No. 1116/2020, U/s 138 NI Act, थाना: के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 1116/2020, U/s 138 NI Act, थाना: के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पवन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार
महानगर दण्डाधिकारी–04
DP/3691/RD/2024-(Court Matter)
कमरा नंबर 110, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr. P. C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम किशन पुत्र बहादुर सिंह** निवासी : वीपीओ बांदाहेरी, तहसील–हिसार, जिला– हिसार, नजदीक हनुमान मंदिर बुराक रोड, हिसार, हरियाणा ने **FIR No / CC No. 587/2020, U/s 138 NI Act** के अंतर्गत **थाना : केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राम किशन** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राम किशन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No / CC No. 587/2020, U/s 138 NI Act थाना : केएनके मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राम किशन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 08.07.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार, एलडी. एमएम–04
DP/3563/RD/2024
कमरा नं. 110, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## शब्द पहेली - 5466



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य–5
4.आज्ञापत्र, पतंगा–4
7.शरीर, बदन–2
8.होशियार, हुनरमंद–3
9.नस, नाड़ी–2
10.तीर रखने का पात्र–4
11.गधा, गर्दभ–2
13.जो बंदी हो–3
14.पत्नी, भार्या–2
15.दृष्टि, निगाह–3
17.खैरात, दक्षिणा–2
19.अपने ही घर में कैद होना–5
22.भाग्यवाला–5
25.जी, इच्छा–2
26.तन, काया–3
28.दुनिया, संसार–2
29.वेतन–3
30.भीगा हुआ–2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी–4
34.परिणाम,हल,फ्रूट–2
36.सचेग–3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म–2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी–4
39.निरस्त करना–2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म–2
2.रवि, सूर्य–3
3.तमाशा देखनेवाले–5
4.परीक्षण,जांच–3
5.सप्ताह का दिन–2
6.जो नापसंद हो (उर्दू–4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म–2,3
10.भाग्य,किस्मत–4
12.क्रिकेट में बनते हैं–2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म –3
17.खुजली–2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना–2
20.आवश्यक–3
21.कैदी, बंधक–2
22.इसाई साध्वी–2
23.बालकपन–4
24.असावधान–5
25.महासमुद्र–5
26.सज्जनता, भद्रता–4
27.अभिषेक की फिल्म–2
31.मुद्दा (उर्दू–3)
33.वाचन करनेवाला–3
35.उद्देश्य–2
37.आगमन,आने का भाव–2

**शब्द पहेली- 5465 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| य | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | य | | य | ह |
| य | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल- 5477

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5476 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## चिंतन

# दुनिया को 'हरित जीडीपी' मॉडल अपनाने की जरूरत

पर्यावरण को खतरे में डालने वाले विकास मॉडल मानवता के लिए उपयुक्त नहीं है। दुनिया में उत्पादन आधारित विकास मॉडल पर दशको से चर्चा होती रही है। माना जाता है कि उत्पादन आधारित विकास मॉडल से पर्यावरण को खतरा है, खपत से अधिक निर्माण का खतरा है और उत्पादों की डंपिंग का खतरा है। उत्पादन के बाद जरूरतें विकसित करने से असली जरूरतें गौण हो जाती हैं। आज उत्पादन आधारित विकास मॉडल की विडंबना है कि दुनिया कचरा प्रबंधन व ग्लोबल वार्मिंग जैसी विकराल समस्या से जूझ रही है। आधुनिक युग की रक्षा के लिए विश्व के अनेक विचारवान लोगों की ओर से खपत आधारित विकास मॉडल की मांग हो रही है। इसका मूलमंत्र है, जितनी खपत उतना ही उत्पादन उत्पादन भी हरित तरीके से। आज विश्व जब जलवायु परिवर्तन की समस्या का सामना कर रहा है, तो वर्तमान विकास मॉडल को लेकर आलोचना तेज हो गई है। क्लाइमेट सम्मेलन में विश्व में बढ़ रहे तापमान को कम करने का संकल्प लिया जा रहा है, पर कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए हरित विकास मॉडल को अपनाने को लेकर विकसित व विकासशील देशों का रवैया अलग-अलग है। विकसित देश इसके लिए कीमत चुकाने को तैयार नहीं है, जबकि कार्बन उत्सर्जन में औद्योगिक विकसित देशों की ही अधिक भूमिका है। समाजसेवी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिंता जाहिर की कि प्रगति को मापने का मौजूदा पैमाना जलवायु विरोधी है। पीएम ने विकास को मापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मापदंड को जलवायु के लिए हानिकारक करार दिया। उन्होंने हरित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अवधारणा विकसित करने का सुझाव दिया। दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए हरित जीडीपी मॉडल अपनाना वक्त का तकाजा है। पिछले साल सितंबर में भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद से जलवायु कार्रवाई को गति मिली है। हरित प्रगति दृष्टिकोण को और अधिक किफायती बनाने के लिए दुनिया को दो-आयामी रणनीति अपनाने की जरूरत हैः पहला, प्रकृति और जलवायु के अनुकूल नवाचार, और दूसरा, पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली। हमारी वर्तमान चुनौती यह है कि हम प्रगति को किस नजरिए से देखते हैं। उदाहरण के लिए, किसी देश के विकास को अक्सर उसकी इस्पात खपत और ऊर्जा उपयोग से आंका जाता है। तो इन मानदंडों के आधार पर, हम देश की अर्थव्यवस्था की गणना करते हैं। पर अगर हम इन मापदंडों पर भरोसा करना जारी रखते हैं तो हम अधिक बिजली और स्टील का उपभोग करेंगे, जिसके परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि होगी। इसका मतलब है कि हमें अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। हमें जीवन शैली के विकल्प बनाने और जलवायु के अनुकूल तरीकों से प्रगति को मापने की आवश्यकता है। वर्तमान में, प्रगति के हमारे सभी उपाय जलवायु के लिए हानिकारक हैं। आज हमें प्रगति के मापदंडों के लिए वैश्विक शब्दावली को बदलने की जरूरत है। स्वच्छ ऊर्जा व हरित ऊर्जा क्षेत्र में तेजी लाने की आवश्यकता है व पेरिस समझौते के लक्ष्यों और नेट-जीरो उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ते रहने की जरूरत है। हरित विकास के सभी आयामों को अपना कर ही वैश्विक कल्याण का मानवीय मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। हमें अपने उपभोग की आदतों में सुधार की आवश्यकता है, जैसे उपभोक्ताओं को कोई उत्पाद खरीदते समय स्वच्छ उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए।



एचडीआई रिपोर्ट
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# मानव विकास पर फोकस की जरूरत

**संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियाँ बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। 4 जून के बाद जो भी नई सरकार केंद्र में आएगी, उनकी प्राथमिकता में मानव संसाधन व सामाजिक अधोसंरचना के विकास की रूपरेखा होनी चाहिए।**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। नई रिपोर्ट जारी करने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने भारतीय लोगों के मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कहा है और भारत की सराहना की है। जहाँ 19 मार्च को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय में लगातार वृद्धि हो रही है, वहीं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक भारत में आम आदमी की आमदनी बढ़ने और उनके द्वारा भोजन पर कम और कपड़े, मनोरंजन व अन्य मदों पर अधिक खर्च किए जाने से उनके जीवन स्तर में धीरे-धीरे बेहतरी आ रही है। फिर भी अभी दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत को मानव विकास सूचकांक में आगे बढ़ने के लिए ठोस व कारगर प्रयासों की जरूरत स्पष्ट दिखाई दे रही है।

एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों-लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। इस नई रिपोर्ट के लिहाज से एक वर्ष में भारतीयों की औसत आमदनी में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई हैं। भारत में जीवन प्रत्याशा में शानदार वृद्धि हुई है। एक वर्ष पहले भारत में जीवन प्रत्याशा का औसत 62.2 था जो अब बढ़कर 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति प्रदर्शित की है। भारत में लिंग असमानता सूचकांक वैश्विक औसत से बेहतर है। निस्संदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। अमेरिकी के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रुकिंग्स इंस्ट्रीट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन करने में सफलता तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल आबादी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों (प्रतिदिन 1.90 डालर से कम खर्च करने वाले) की संख्या 2011-12 की 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत आ गई है। गरीबों की संख्या में हर वर्ष 0.93 प्रतिशत की कमी के बराबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबों की संख्या घटकर 2.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में एक प्रतिशत रह गई है। भारत में गरीबों की संख्या में जो गिरावट बीते 11 वर्षों में हुई है, इससे पहले वह गिरावट 30 वर्षों में हुई थी।

इसी तरह थिंक टैंक नीति आयोग ने कहा है कि भारत में सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों से बीते नौ वर्षों में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली और भारत वर्ष 2030 तक बहुआयामी गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने की पूरी संभावनाएँ रखता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन-धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में खासी मदद मिली है। खासतौर से गरीबों के सशक्तिकरण में करीब



51 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 134 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम), की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढाँचे की असाधारण भूमिका रही है। इसी शक्ति के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। इन सब प्रयासों से देश के करोड़ों गरीबों के मानव विकास सूचकांक में वृद्धि हुई है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में आम आदमी के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी स्वास्थ योजनाएँ स्वास्थ्य की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, आम आदमी बीमा योजना वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना महत्वपूर्ण हैं। आम आदमी के स्वास्थ में सुधार से भी देश के मानव विकास सूचंकाक में वृद्धि हुई है। ...आगे और होगा।

लेकिन बड़ी बात है कि अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। ऐसे में हमें यह ध्यान रखना होगा कि जहाँ अर्थव्यवस्था समाज का अहम हिस्सा है, वहीं मानव विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सरकार के द्वारा सामाजिक अधोसंरचना पर उसी तरह निवेश करना होगा, जिस तरह भौतिक अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियाँ बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि 2017 में नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में 2025 तक स्वास्थ्य पर खर्च को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत किया जाना निर्धारित किया गया था।

फिर पंद्रहवें वित्त आयोग ने पहली बार स्वास्थ्य के लिए उच्च-स्तरीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने भी स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने की बात कही है। इस मामले में देश अभी भी पीछे है। अब देश में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में देश की नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक करियर के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा। वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी के द्वारा करियर में आगे बढ़ने और रोजगार में आने के बाद भी काम करते हुए लगातार बदलती हुई रोजगार की दुनिया के अनुरूप नए स्किल्स सीखना होंगी। अर्थव्यवस्था को अधिक दक्ष व योग्य श्रम बल की जरूरत है जिसके लिए शिक्षा पर जीडीपी का करीब छह फीसदी हिस्सा खर्च किया जाना जरूरी है।

ऐसे में हम उम्मीद करें कि सरकार द्वारा यूएनपीडी की मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 के मद्देनजर देश में मानव विकास की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, सार्वजनिक सेवाओं में स्वच्छता, बहुआयामी गरीबी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए नई जनकल्याण योजनाओं, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 को पूरी तरह कारगर व सफल बनाया जाएगा। निश्चित रूप से ऐसा होने पर आगामी वर्ष प्रकाशित होने वाले आगामी मानव विकास सूचकांक में भारत की मानव विकास रैंकिंग में सुधार आएगा और देश के आम आदमी के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई देंगी। देश में आम चुनाव का बिगुल बजा हुआ है। 4 जून के बाद जो भी नई सरकार केंद्र में आएगी, उनकी प्राथमिकता में मानव संसाधन व सामाजिक अधोसंरचना के विकास की रूपरेखा होनी चाहिए। इससे राष्ट्र आत्मनिर्भरता का लक्ष्य भी हासिल करेगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस
डॉ. मोनिका शर्मा



# रेवड़ियां नहीं, कचरा प्रबंधन बनें आम चुनाव के मुद्दे


कचरे से अटती धरती, नदियां और पहाड़, प्रकृति के रंग ही नहीं छीन रहे, इन्सानों के लिए भी खतरा बन गये हैं। हर ओर फैलते अपशिष्ट पदार्थों से प्रदूषित होता पर्यावरण गंभीर व्याधियों का भी कारण बन रहा है। जल, थल और वायु, कुदरत का हर हिस्सा बढ़ते अपशिष्ट पदार्थों का दबाव झेल रहा है। लेकिन चिंता की बात है कि राष्ट्रीय चुनाव के दौरान कचरा प्रबंधन मुद्दे नहीं बनते हैं, जबकि पर्यावरण व स्वास्थ्य से जुड़ा यह बड़ा मानवीय मुद्दा है। राजनीतिक दल मुफ्त की रेवड़ियां (फ्रीबिज) जैसे अनुत्पादक मुद्दों में तो रुचि लेते हैं, लेकिन व्यापक परिप्रेक्ष्य को प्रभावित करने वाले कचरा प्रबंधन के मसले इनके एजेंडे में नहीं होते हैं। जरूरत स्वच्छ व साफ पर्यावरण की है, हरीभरी प्रकृति की है।

आज ना केवल अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व को समझना बल्कि उपभोग की बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाना भी आवश्यक है। ज्ञात हो कि अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस वैश्विक स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने का प्रभावी संदेश देता है। साथ ही उपभोग की व्यावहारिक और सधी आदतों को बढ़ावा देने पर भी प्रकाश डालता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और यूएन-हैबिटेट द्वारा मनाया जाने वाला यह दिन उत्पादन के टिकाऊ तौर-तरीकों को भी संबोधित करता है। आज दुनिया के हर देश के लिए कचरे के पहाड़ और नदियों के जल में घुलता जहर चिंता का विषय बन गया है। भारत में भी महानगरों से लेकर दूर-दराज़ के इलाके तक, बढ़ते अपशिष्ट पदार्थों का बोझा ढो रहे हैं। ज्ञात हो कि वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष इंसान 210 करोड़ से 230 करोड़ टन ठोस कचरा उत्पन्न करते हैं, जबकि करीब 270 करोड़ लोगों के पास आज भी कचरा संग्रहण के इंतजाम तक नहीं हैं। ऐसे में तत्काल कार्रवाई करते हुए कचरा प्रबंधन के लिए उचित कदम ना उठाए गये तो 2050 तक वार्षिक ठोस अपशिष्ट उत्पादन 380 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा। यही कारण है कि शून्य-अपशिष्ट जैसे अभियान के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना जरूरी है। साथ ही इस मुहिम में जन-जागरूकता के माध्यम से अपशिष्ट उत्पादन को घटाने से जुड़े प्रयास भी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस का वर्ष 2024 का विषय 'रहने योग्य समुदायों में सतत अपशिष्ट प्रबंध - 2040 तक और फिलीपीन के सभी जल निकायों को शून्य अपशिष्ट करना' है। चिंतनीय है कि हमारा देश भी दुनिया के सबसे बड़े कचरा उत्पादक देशों में से एक है। राजधानी दिल्ली में तो कई जगह कूड़े के बड़े पहाड़ बन गये हैं। जो दुर्घटना तक का कारण बन चुके हैं। भारत में हर साल 1250 हेक्टेयर से अधिक जमीन कचरे तले ढक जाती है। ऐसे में यह अभियान असल में स्वयं इन्सानों का जीवन सहेजने के लिए भी आवश्यक है। प्रकृति के रंग छीनने वाला अपशिष्ट प्रदूषण जन स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के लिए बेहद नुकसानदायक है, जिसके चलते इसे प्रदूषण के त्रिग्रहीय संकट के रूप देखा जा रहा है। ध्यातव्य है कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता की हानि, प्रकृति के इन तीनों ही पक्षों के लिए जोखिम बने अपशिष्ट पदार्थों का उचित प्रबंधन ही इसका हल है। इसके लिए उपभोक्तावादी सोच को बदलना और रीयूज़ एवं रिसाइकलिंग को बढ़ावा देना आवश्यक है।

आज की उपभोक्तावादी जीवनशैली भी धरती पर अपशिष्ट पदार्थों के बोझ को बढ़ा रही है। सामाजिक समारोहों का खाद्य अपशिष्ट और प्लास्टिक की वस्तुओं से की जाने वाली सज-धज इसी श्रेणी में आती हैं। ऐसे में खपत घटाना और चीजों की बर्बादी रोकना दोनों ही इस अभियान से जुड़े अहम पहलू हैं। यही वजह है कि शून्य अपशिष्ट मुहिम की सफलता हर देश में ही प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी पर भी निर्भर है। जनचेतना ही जल, जमीन और वायु प्रदूषण पर रोक लगा सकती है। आज जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं तो नागरिकों के मन में यह सवाल उठना चाहिए कि वो जिन्हें वोट देने जा रहे हैं, वे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति व कचरा प्रबंधन के प्रति कितने गंभीर हैं? जब तक जनता अपने मतलब के सवालों से दलों व नेताओं को रूबरू नहीं कराएंगे, तब तक वे सजग नहीं होंगे। प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण, धरती, वायुमंडल व पाताल को बचाने और कचरा-अपशिष्टों के निपटान को लेकर राजनीतिक व सामाजिक जागरूकता नहीं होगी, तब तक कचरे के बोझ से होने वाले पर्यावरणीय व स्वास्थ्यगत खतरा मंडराते रहेंगे। पर्यावरण के प्रति जनचेतना जरूरी है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
## दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# दान की बड़ी महिमा



संकलित
## प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है।

इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीना मुश्किल कर रहा वायु प्रदूषण

हाल ही में स्विस ग्रुप आईक्यू एयर ने विश्व भर के उन देशों की सूची जारी की है जिनमें सबसे ज्यादा प्रदूषण है। इस सूची में हमारे देश की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को सबसे ज्यादा प्रदूषित बताया गया है। इस सूची के अनुसार पिछले साल 134 देशों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद हमारे देश की वायु गुणवत्ता बेहद खराब थी। वर्ष 2019 में भी ग्रीनपीस और एयर विजुअल की रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत के बहुत से शहरों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के सात शहर भी शामिल हैं। यह भारत के लिए बहुत चिंताजनक है। **-मनोज देवांगन**, धमतरी

## करंट अफेयर

# भारत में होगी हर किसी के अधिकारों की रक्षा : संरा



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें 'उम्मीद' है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में, जहां चुनाव हो रहे हैं, लोगों के 'राजनीतिक और नागरिक अधिकारों' की रक्षा की जाएगी और हर कोई एक 'स्वतंत्र व निष्पक्ष' माहौल में मतदान कर पाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक के मद्देनजर भारत में आगामी राष्ट्रीय चुनाव से पहले राजनीतिक स्थिति पर एक सवाल के जवाब में बृहस्पतिवार को ये टिप्पणियां कीं। दुजारिक ने बृहस्पतिवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमें बहुत ज्यादा उम्मीद है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में जहां चुनाव होने जा रहे हैं, वहां हर किसी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी, जिनमें राजनीतिक और नागरिक अधिकार शामिल हैं। तथा हर कोई स्वतंत्र व निष्पक्ष माहौल में मतदान कर पाएगा।' संयुक्त राष्ट्र की इस प्रतिक्रिया से एक दिन पहले अमेरिका ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी तथा कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाये जाने के ऐसे ही सवाल पर प्रतिक्रिया दी थी।

## ऑफ बीट

# क्वांटम कंप्यूटिंग अभी गर्म हुई : शून्य से 1 डिग्री ऊपर



दशकों से, क्वांटम कंप्यूटिंग की खोज बेहद कम तापमान की आवश्यकता से जूझ रही है, परम शून्य से एक डिग्री के अंशमात्र ऊपर (0 केल्विन या –273.15°सी)। ऐसा इसलिए है क्योंकि क्वांटम घटनाएँ जो क्वांटम कंप्यूटरों को उनकी अद्वितीय कम्प्यूटेशनल क्षमताएँ प्रदान करती हैं, उन्हें केवल हमारी दुनिया की गर्मी से अलग करके ही उपयोग किया जा सकता है। एक एकल क्वांटम बिट या 'क्यूबिट', जो शास्त्रीय कंप्यूटिंग के केंद्र में बाइनरी ''शून्य या एक'' बिट के बराबर है, को कार्य करने के लिए एक बड़े प्रशीतन उपकरण की आवश्यकता होती है। हालाँकि, कई क्षेत्रों में जहां हम क्वांटम कंप्यूटरों से सफलता मिलने की उम्मीद करते हैं – जैसे कि नई सामग्री या दवाओं को डिजाइन करने में – हमें समानांतर में काम करने वाले बड़ी संख्या में क्यूबिट या यहां तक कि पूरे क्वांटम कंप्यूटर की आवश्यकता होगी। क्वांटम कंप्यूटर जो विश्वसनीय गणनाओं के लिए आवश्यक, त्रुटियों को प्रबंधित कर सकते हैं और स्वयं–सही कर सकते हैं, उनके पैमाने में विशाल होने का अनुमान है। गूगल, आईबीएम और पीएसआईक्वांटम जैसी कंपनियाँ शीतलन प्रणालियों से भरे संपूर्ण गोदामों के भविष्य की तैयारी कर रही हैं और एकल क्वांटम कंप्यूटर को चलाने के लिए बड़ी मात्रा में बिजली की खपत करती हैं।

## ट्रेंड

### करुणा और क्षमा का पाठ



आज गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के गहन बलिदान को याद करते हैं। यह हमें करुणा और क्षमा का जो पाठ सिखाता है, उसमें हर किसी को शक्ति मिले। हर किसी के मन में करुणा और क्षमा का भाव पैदा हो।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### एक सच्चा भाई



जैसे ही पुलिस कस्टडी के दौरान उन्हें बोलने का एक मौका मिला और उन्होंने अपने छोटे भाई भगवंत मान को उनकी बच्ची के आगमन पर बधाई देने का फैसला किया। यह अरविंद केजरीवाल है-एक सच्चा भाई, एक सच्चा नेता।

-राघव चड्ढा, आप नेता


### प्रीमियम सुविधाएं मिलेंगी



तय किया गया है कि आगे बढ़ते हुए, 2500 से अधिक सत्यापित सब्सक्राइबर फॉलोअर्स वाले सभी एक्स खातों को मुफ्त में प्रीमियम सुविधाएं मिलेंगी और 5000 से अधिक वाले खातों को प्रीमियम प्लस मुफ्त में दिए जाएंगे।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### बहुत खुश हूं



जब मेरे पास दुनिया में कहीं भी घर बनाने का विकल्प था तो मैंने मनाली को चुना। इसलिए आज मैं बहुत खुश हूं कि मेरे लोगों ने मुझे वापस बुलाया। अपने ही प्रदेश, अपनी ही जन्मभूमि हिमाचल के मंडी में आकर बहुत खुश हूं। यहां हर तरफ बहुत प्रेम मिल रहा है।

-कंगना रानौत, अभिनेत्री

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




**लोकसभा का रण**

## चुनाव प्रचार तेज, पक्ष-विपक्ष की जुबानी जंग, जीत के दावे

# राजस्थान: भाजपा के सामने क्लीन स्वीप कर हैट्रिक का मौका

## एक दशक के सूखे को खत्म करने की आस में कांग्रेस

ओ.पी. पाल ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में राजस्थान की सभी 25 सीटों पर क्लीन स्वीप करने के मिशन से चुनाव मैदान में है, तो कांग्रेस सामने पिछले दो चुनाव के सूखे को खत्म करके खाता खोलने की चुनौती है। राजस्थान में पहले चरण में लोकसभा की 12 सीटों पर 19 अप्रैल और दूसरे चरण में बाकी 13 सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। पिछले एक दशक से बदले राजनीतिक परिदृश्य के बावजूद इस बार राज्य में लोकसभा चुनाव में चुनावी संग्राम भाजपा और कांग्रेस के बीच ही माना जा रहा है। राज्य में पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार 43 लाख से ज्यादा मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है, तो दोनों ही दलों को मतदाता प्रतिशत बढ़ने की भी उम्मीद है। राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों पर दो चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने लगभग सभी उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने 24 सीटों पर उतारे उम्मीदवारों में 10 मौजूदा सांसदों के टिकट काटकर नए चेहरों पर दांव खेला है। लोकसभा अध्यक्ष और तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत दस सांसदों को ही भाजपा ने चुनाव मैदान में उतारा, जबकि तीन सांसद राजस्थान विधानसभा चुनाव में विधायक निर्वाचित हो गये। मसलन राजस्थान में इस बार भाजपा 14 नए चेहरों के साथ चुनावी जंग में है। जबकि पिछली बार राजग के साथ चुनाव जीतने वाले आरएलपी नेता ने इस बार इंडिया गठबंधन से चुनाव


### 25 लोस सीटों पर दो चरणों में वोटिंग

### भाजपा ने 24 सीटों पर उतारे उम्मीदवारों में 10 मौजूदा सांसदों के टिकट काटकर नए चेहरों पर दांव खेला

लडने का फैसला किया है, जहां भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर आई कदावर नेता एवं पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा को नए चेहरे के रुप में जगह दी है। राजस्थान की भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर अभी पेंच फंसा होने के कारण इस बात का इंतजार है कि यहां पिछले दो बार के सांसद सुभाष बहेड़िया को तीसरा मौका मिलेगा या फिर कोई नया चेहरा होगा? यह असंमजस अभी तक बना हुआ है। चूंकि भाजपा का राजस्थान में हैट्रिक बनाने की रणनीति के साथ चुनावी मैदान में है। दूसरी ओर कांग्रेस ने अपने 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं जबकि एक-एक सीट इंडिया गठबंधन में शामिल आरएलपी, सीपीआई(एम) तथा भारत आदिवासी पार्टी के लिए छोड़ी है। राजस्थान में प्रमुख दलों में भाजपा और बसपा अपने दम पर चुनाव मैदान में है। जबकि इंडिया गठबंधन से कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी(हनुमान बेनीवाल) तथा भारत आदिवासी पार्टी (मोहन लाल रोत) चुनावी जंग में हैं।

## पहले चरण में 12 सीटों पर मतदान करेंगे ढाई करोड़ मतदाता

### इस बार बढ़े 43 लाख वोटर



राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों पर इस बार 5,29,68,476 मतदाता हैं, जिनमें 2,74,75,971 पुरुष, 2,53,51,276 महिला, 616 थर्ड जेंडर एवं 1,41,229 सर्विस तथा 15,70,490 दिव्यांफग मतदाता शामिल हैं। वहीं बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या भी बढ़ी है। खासबात है कि 18-19 साल के 15,54,604 नए मतदाताओं को भी पहली बार मतदान करने का मौका मिलेगा। राजस्थान में 100 साल से ज्यातदा उम्र के करीब 20,496 मतदाता पंजीकृत हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान 4.89 करोड़ के मुकाबले 5.32 करोड़ मतदाताओं का चक्रव्यूह होगा। मसलन करीब 43 लाख वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है।

### 58 हजार वोटर घर से करेंगे मतदान

राजस्थान निर्वाचन आयोग के मुताबिक इस बार लोकसभा चुनाव 58 हजार से अधिक दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं ने घर से ही मतदान करने के लिए पंजीकरण कराया है, जिसमें 35,542 पहले चरण और बाकी दूसरे चरण में मतदान करेंगे।

### भाजपा का बढ़ा वोट प्रतिशत

राजस्थान में 2014 लोस चुनाव में भाजपा ने 5 सीटों पर बादशाह कायम की थी, जिसमें भाजपा को 2009 के लोकसभा में मिले 36.57 प्रतिशत वोट के 54.94 प्रतिशत वोट मिले। जबकि साल 2019 के आम चुनाव भाजपा को 24 सीटों पर 58 प्रतिशत वोट हासिल हुआ। इस बार भाजपा को 60 फिसदी से ज्यादा वोट हासिल करने की उम्मीद है। जबकि कांग्रेस को जहां 2009 में 47.19 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे, तो वहीं 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत घटकर 30.36 प्रतिशत पर रह गया। जबकि 2019 के चुनाव में 34.24 प्रतिशत वोट हासिल होने के बावजूद कांग्रेस राज्य में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी।

### इन दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

राजस्थान में पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में बीकानेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरे हैं। वहीं अलवर लोकसभा सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि दूसरे चरण मे जोधपुर लोकसभा से तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरे केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत तथा कोटा सीट से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रतिष्ठा भी दांव पर होगी। वहीं सीकर लोकसभा सीट से भाजपा की ने एक बार फिर सुमेधानंद सरस्वती पर भरोसा जताया तो पिछली बार गठबंधन दल वाली नागौर लोकसभा सीट पर भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर आई ज्योति मिर्धा को अपना प्रत्याशी बनाया है।

### मतदाताओं के आंकड़े

राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव में 2,54,29,610 मतदाता सांसदों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 1,32,89,538 पुरुष, 1,20,25,699 महिला और 304 थर्डजेंडर के अलावा 2,51,250 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। पहले चरण के चुनाव में लोकसभा के लिए 18-19 वर्ष उम्र के 7,98,520 नए मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे। वहीं 1,14,069 सर्विस वोटर भी मतदाता सूची में शामिल हैं। इस पहले चरण में सबसे ज्यादा 22,87,350 मतदाता जयपुर लोकसभा सीट और सबसे कम 18,99,304 दौसा लोकसभा सीट पर हैं। 100 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं में सबसे अधिक संख्या 1,802 झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र में है। जबकि 13 ऐसे बुजुर्ग मतदाता भी है, जिनकी उम्र 120 वर्ष से अधिक है।

### मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ी

राजस्थान में इस बार कुल 53,126 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं, जिनमें से पहले चरण में 12 सीटों का चुनाव 24,370 केंद्रों पर होगा, जिसमें 23,651 केंद्र और 719 सहायक केंद्र होंगे। दूसरे चरण में 13 लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए 28,105 मतदान केंद्र और 651 सहायक मतदान केंद्रों समेत कुल 28,756 मतदान केन्द्रों पर वोटिंग कराई जाएगी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में 51,965 मतदान केंद्र थे, जिनमें इस बार 1161 मतदान केंद्र बढ़ाए गये हैं। इस बार राजस्थासन की कुल 25 सीटों पर कुल 5,32,09,789 मतदाता वोटिंग कर सकेंगे। इनमें 18 से 19 साल के नए 15 लाख से ज्यादा पहली बार मतदान करेंगे।

## बिहार में महागठबंधन ने की सीट बंटवारे की घोषणा, कुल 40 लोकसभा सीटों पर होगा चुनाव

**अब पूर्णिया सीट राजद के खाते में**

# राजद 26, कांग्रेस 9, लेफ्ट-5 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, पप्पू यादव का पत्ता कटा

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार में विपक्षी महागठबंधन के आरजेडी, कांग्रेस और वामदलों के बीच सीटें साझा करने का ऐलान किया। महागठबंधन के नेताओं ने पटना में संयुक्त प्रेस कॉफ्रेंस में सीटों के बंटवारे की घोषणा की। कुछ सीटों को छोड़कर मुख्य रूप से राजद लोकसभा चुनाव में अपने द्वारा खड़े किए गए उम्मीदवारों की सीटों पर भाग्य आजमाएंगी। सीटों के बंटवारों के अनुसार लालू के नेतृत्व में राजद 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस अपने 9 उम्मीदवार उतारेगी जबकि वामदलों को 5 सीटें दी गई हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-एमएल 3 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही सीपीआई-एम और सीपीआई एक-एक सीट पर उम्मीदवार उतारेंगे। सीट बंटवारे को लेकर केवल राजद के वरीय नेता अब्दुल बारी सिद्दकी ने ही सारी बातें कही। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कुछ नहीं कहा।




### 4 को नामांकन भरेंगे पप्पू यादव

पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता पप्पू यादव राजद से फ्रेंडली फाइट के लिए तैयार हैं। पप्पू यादव ने स्पष्ट कहा कि 4 अप्रैल को वह पूर्णिया लोकसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि 4 जून को कांग्रेस का झंडा ही पूर्णिया में बुलंद होगा। कांग्रेस से पप्पू यादव की पत्नी रंजीत रंजन राज्यसभा सदस्य हैं। उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा व्यक्त करते हुए 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के बीच कई निर्वाचन क्षेत्रों में ''दोस्ताना लड़ाई'' होने के संकेत दिए।



**भाजपा 25और जद (एस) तीन सीटों पर लड़ेगी**

### मोदी, शाह ही देश की सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं: देवेगौड़ा



बेंगलुरु (भाषा)। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने शुक्रवार को कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा कोई नेता नहीं है जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी समस्याओं का समाधान कर सके। जनता दल (सेक्युलर) के संस्थापक ने कर्नाटक में सभी 28 लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता को रेखांकित किया।

### कंगना रनौत ने मंडी में रोडशो किया



### भाजपा ने प्रचार गीत 'मोदी संग बिहार' जारी किया

पटना (भाषा)। भाजपा की बिहार इकाई ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार के वास्ते शुक्रवार को गीत ''मोदी संग बिहार'' जारी किया। गीत राज्य में मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालता है।

### कमलनाथ के गृह जिले छिंदवाड़ा के कांग्रेस विधायक कमलेश शाह भाजपा में शामिल

भोपाल (भाषा)। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को तगड़ा झटका देते हुए मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा से तीन बार के विधायक कमलेश शाह ने शुक्रवार को पार्टी से नाता तोड़ दिया और सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है जो कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का गृह जिला है।

### आप का 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान शुरू



नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने एक नया अभियान शुरू किया गया है। पीसी के दौरान सुनीता केजरीवाल ने एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया है।

### केजरी की गिरफ्तारी को लेकर 'इंडिया' के घटक दलों का मुंबई में विरोध प्रदर्शन




मुंबई (भाषा)। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ शुक्रवार को मुंबई में प्रदर्शन किया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को अवैध और अनुचित बताया।

### 19 अप्रैल की सुबह से एक जून की शाम तक एग्जिट पोल दिखाने पर रोक लगी

नई दिल्ली (भाषा)। निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर 19 अप्रैल की सुबह सात बजे से एक जून की शाम साढ़े छह बजे के बीच एग्जिट पोल आयोजित करने, इसके प्रकाशन या प्रचार पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिसूचना में स्पष्ट किया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, मतदान के समापन के लिए तय समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी जनमत सर्वेक्षण या किसी अन्य चुनावी सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी ऐसी चुनावी सामग्री को प्रदर्शित करना प्रतिबंधित होगा।

**सी-विजिल एप से मिलीं 79 हजार शिकायतें**

### चुनाव आयोग का दावा- 99 फीसदी का हुआ समाधान

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79,000 से अधिक शिकायतें मिलीं है।आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है । उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है। आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे।

### आठवले ने फडणवीस से की मुलाकात, एक भी लोकसभा सीट नहीं देने की शिकायत की

मुंबई (भाषा)। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और आगामी लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे की बातचीत में उनकी पार्टी को नजरअंदाज किए जाने की शिकायत की। आठवले ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनकी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) को राज्य में एक भी लोकसभा सीट आवंटित नहीं की गई है। उन्होंने कहा मैंने उपमुख्यमंत्री को बता दिया है कि मैं शिरडी से लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहता हूं। आठवले ने कहा, ''लेकिन फडणवीस ने उन्हें बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे चाहते हैं कि शिरडी सीट उन्हें मिले क्योंकि मौजूदा सांसद सदाशिव लोखंडे उनकी पार्टी शिवसेना से हैं।'' आठवले ने साल 2009 में इस सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। आठवले ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद नरेन्द्र मोदी सरकार में कैबिनेट में जगह मांगी थी और जब 2026 में उनका राज्यसभा का कार्यकाल



### मोदी ने तमिलनाडु के कार्यकर्ताओं के साथ जिताऊ रणनीति तैयार करने पर की चर्चा

भाषा ▸▸ चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से 'नमो ऐप' के जरिये बातचीत की और उन्हें लोकसभा चुनाव में पार्टी को जिताने के वास्ते रणनीति तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मोदी ने लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्र स्तर के कार्यों के बारे में कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' (एनाथु बूथ वलिमैयाना बूथ) कार्यक्रम में चुनाव जीतने



के तरीकों पर चर्चा करते हुए उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ''मैं समझता हूं कि तमिलनाडु में 19 अप्रैल को होने वाले आम चुनाव के कारण आपको समय की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

#### पीएम ने दिए निर्देश

- पीएम मोदी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से खुद को तीन सदस्यों के छोटे समूहों में संगठित करने का आग्रह किया।
- 'इन वंशवादी राजनीतिक दलों का मतलब 'परिवार का, परिवार द्वारा और परिवार के लिए' है।
- मतदाताओं को भाजपा और उसके सहयोगियों के चुनाव चिह्नों से परिचित कराने के लिए घर-घर जाकर अभियान चलाना चाहिए।
- सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने मोबाइल फोन पर 'नमो ऐप' का इस्तेमाल करना चाहिए।

### कांग्रेस की नौवीं सूची जारी, 5 नामों का ऐलान, तीन कर्नाटक से, राजस्थान में 2 प्रत्याशी बदले

नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों की नौवीं सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम राजस्थान विस के पूर्व अध्यक्ष सीपी जोशी का है, जिन्हें भीलवाड़ा से प्रत्याशी बनाया है। राजस्थान के दो लोस क्षेत्र में उम्मीदवार बदले हैं। भीलवाड़ा में दामोदर गुर्जर के स्थान पर सीपी जोशी और राजसमंद में सुदर्शन रावत की जगह दामोदर गुर्जर को टिकट दिया गया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, कर्नाटक के बेल्लारी से ई. तुकाराम, चामराजनगर से सुनील बोस और चिकबल्लापुर से रक्षा रमैया को टिकट दिया गया है। अब तक 212 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

### हैदराबाद: के. केशव राव कांग्रेस में शामिल



हैदराबाद। पूर्व बीआरएस नेता के. केशव राव शुक्रवार को हैदराबाद में मुख्यमंत्री और टीपीसीसी अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी और तेलंगाना कांग्रेस प्रभारी दीपा दास मुंशी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए।

**एडीआर की रिपोर्ट में दावा**

# लोस के 44 प्रतिशत निवर्तमान सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले, पांच प्रतिशत अरबपति

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों में 225 (44 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा चुनावी हलफनामों में की है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, उसने इन निवर्तमान सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण में पाया कि इनमें से पांच प्रतिशत अरबपति हैं, जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देना, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में नौ के खिलाफ हत्या के मामले हैं। इसके अनुसार, इन सांसदों में पांच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हैं।

### 73 प्रतिशत सांसद स्नातक या उच्चतर शैक्षणिक योग्यता वाले



रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा 28 निवर्तमान सांसदों ने चुनावी हलफनामों में अपने खिलाफ हत्या के प्रयास से जुड़े मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इनमें से 21 सांसद भाजपा से हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, 16 निवर्तमान सांसद महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिनमें तीन के खिलाफ बलात्कार के आरोप हैं। एडीआर की रिपोर्ट में इन सांसदों की वित्तीय स्थिति का भी विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, बड़े राजनीतिक दलों में, भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी इस तरह के सांसदों की अच्छी-खासी संख्या है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्यवार आपराधिक मामलों में, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं।

#### तीन सांसदों में नकुल नाथ, डीके सुरेश (कांग्रेस), और के रघु राम कृष्ण राजू (निर्दलीय) सबसे अमीर

साथ ही, एडीआर के विश्लेषण में पाया गया है कि कुछ सांसदों के पास अरबों रुपये की संपत्ति है, जबकि अन्य के पास बहुत कम संपत्ति है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक संपत्ति की घोषणा करने वाले शीर्ष तीन सांसदों में नकुल नाथ (कांग्रेस), डी के सुरेश (कांग्रेस), और के. रघु राम कृष्ण राजू (निर्दलीय) शामिल हैं जिनके पास अरबों रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में सांसदों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि और उम्र आदि को भी रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 73 प्रतिशत सांसद स्नातक या उच्चतर शैक्षणिक योग्यता वाले हैं, जबकि सिर्फ 15 प्रतिशत निवर्तमान सांसद महिलाएं हैं।



### केजरी की गिरफ्तारी पर बाहरी लोग हमारी सरकार की आलोचना कर रहे: शरद पवार



सातारा (महाराष्ट्र) (भाषा)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर दुनियाभर की मीडिया का ध्यान आकर्षित हुआ है। पवार ने कहा कि यह अच्छी बात नहीं है कि बाहरी लोग हमारी सरकार की आलोचना कर रहे हैं। लेकिन ऐसी स्थिति (स्वयं) सरकार द्वारा बनाई गई है।'' प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले में केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उन्हें एक अप्रैल तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया है। पवार ने कहा कि केजरीवाल का अपराध क्या है? उन्होंने एक आबकारी नीति बनाई, जिसे सभी राज्य बनाते हैं। दिल्ली देश की राजधानी है और उसके मुख्यमंत्री गिरफ्तार हैं।''

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी के खौफ का अंत

# गाजीपुर में आज सुपुर्द-ए-खाक होगा जनाजे में शामिल नहीं हो सका 'बेटा'

अंसारी का शव पुलिस सुरक्षा के बीच बांदा से गाजीपुर लाया गया। अंसारी के शव को काली बाग कब्रिस्तान में शनिवार को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा जो अंसारी परिवार के आवास से करीब आधा किमी दूर स्थित है। एम्बुलेंस के साथ पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी रहें।

एजेंसी ▶▶ गाजीपुर

बांदा जेल में बंद पूर्वाचंल के माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुख्तार की मौत के बाद पूरे यूपी में अलर्ट जारी किया गया है। कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। मुख्तार को शनिवार को गाजीपुर में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। मुख्तार के शव को बांदा मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के एक समूह द्वारा पोस्टमार्टम किये जाने के बाद गाजीपुर जिले के मोहम्दाबाद यूसुफपुर स्थित उसके पैतृक निवास ले जाया गया। अंसारी के शव को काली बाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा जो अंसारी परिवार के आवास से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित है।

### पांच डॉक्टरों की टीम ने उसका पोस्टमॉर्टम किया

**400** किमी के सफर में 26 गाड़ियों का काफिला रहा

**144** धारा कई जिलों में लागू



### यह भगवान का आशीर्वाद है

डॉन मुख्तार अंसारी की मौत पर पूर्व भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय ने कहा कि मैं क्या कह सकती हूं? यह भगवान का आशीर्वाद है। मैं न्याय के लिए उनसे प्रार्थना करती थी और आज न्याय मिल गया है। हमें घटना (हत्या) के बाद कभी होली नहीं मनाई, मुझे लगा कि आज हमारे लिए होली है। वहीं, पूर्व भाजपा विधायक कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष राय कहते हैं, मुझे और मेरी मां को बाबा विश्वनाथ और बाबा गोरखनाथ का आशीर्वाद मिला है। डॉन मुख्तार अंसारी की मौत पर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी आ रही हैं। अखिलेश यादव, मायावती समेत कई नेताओं ने मुख्तार की मौत की जांच की मांग की है।

### बांदा मेडिकल कॉलेज में हुआ पोस्टमॉर्टम

बांदा मेडिकल कॉलेज में मुख्तार अंसारी का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पांच डॉक्टरों की टीम ने उसका पोस्टमॉर्टम किया। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी की गई। इस दौरान मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी, दो भतीजे, वकील नईम अंसारी और ड्राइवर ने पंचनामा भरा।

### शामिल नहीं हो सकेगा बेटा

मुख्तार का विधायक बेटा अब्बास अंसारी अपने पिता के जनाजे में शामिल होना चाहता था, जिसके लिए परिवार ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में पैरोल याचिका दाखिल की थी। लेकिन अदालत से मुख्तार के परिवार को फिलहाल इस मामले में राहत नहीं दी। है। परिवार चाहता था कि बेटा पिता के जनाजे में शामिल हो, इसे लेकर ही अदालत में याचिका दाखिल की गई थी। लेकिन अदालत में बेंच नहीं बैठी जिससे यह मामला सुना ही नहीं गया।

### पूरे राज्य में शांति कायम है: एडीजी

यूपी के एडीजी कानून एवं व्यवस्था, अमिताभ यश ने कहा पूरे राज्य में हाई अलर्ट घोषित किया गया था। कई जिलों में अतिरिक्त बल भेजे गए हैं। सभी को शांति बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। पूरे राज्य में शांति कायम है। कहीं कोई समस्या नहीं है।

### बांदा सीजेएम करेंगे जांच

मुख्तार अंसारी की मौत के मामले की न्यायिक जांच होगी। इस मामले की जांच बांदा के सीजेएम करेंगे। मुख्तार की मौत को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में मामले की न्यायिक जांच कराने का फैसला लिया गया है। बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी की मौत के मामले की उच्च स्तरीय जांच की शुक्रवार को मांग की है। यूपी के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने अंसारी का नाम लिए बिना शुक्रवार को पुलिस और न्यायिक अभिरक्षा में होने वाली मौतों पर सवाल उठाते हुए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच की मांग कर चुके हैं।

# अमेरिका और जर्मनी के बाद यूएन ने की केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत जता चुका अपना कड़ा विरोध

*केजरीवाल की गिरफ्तारी पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो।*

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

भारत की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के अकांउट फ्रीज किए जाने के सवाल पर जर्मनी, अमेरिका के बाद अब संयुक्त राष्ट्र ने भी टिप्पणी की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उसे उम्मीद है कि हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में भारत में होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान कर सकेगा।

इससे पहले जर्मनी और अमेरिका ने भी प्रतिक्रिया दी थी। जिसके बाद भारत ने कड़ा एतराज जताते हुए जर्मन और अमेरिकी डिप्लोमैट को तलब किया था। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने उम्मीद जताई कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो।

**खास बातें**

- भारत के मामलों का विदेश में हो रहा दुष्प्रचार, तनाव बढ़ने के आसार
- दो दिन पहले ही भारत ने अमेरिका को सुनाई थी खरी-खोटी



**खास बातें**

- संयुक्त राष्ट्र में महासचिव ने उठाया भारत का मुद्दा, की टिप्पणी
- भारत बोला- हमारी न्यायपालिका पर सवाल उठाना अनुचित

### बाहरी ताकत के प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध: विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय की हालिया टिप्पणी अनुचित है। हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं को लेकर की गई बाहरी टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। भारत में कानूनी प्रक्रियाएं सिर्फ कानून से चलती है। कोई भी सहयोगी देश और खासकर लोकतांत्रिक देशों को इस प्रक्रिया की सराहना करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। भारत को अपने स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व है और हम इन्हें किसी भी बाहरी ताकत के प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### इस आरोप में हुई जेल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली शराब नीति में घोटाले के आरोप में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के आरोपों पर अमेरिका ने दो बार टिप्पणी की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने सोमवार को भी कहा कि अमेरिका अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की रिपोर्ट पर बारीकी से नजर रख रहा है और एक निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया का बढ़ावा देता है।

### जर्मन डिप्लोमैट को भी भारत ने किया था तलब

जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि हमने इसे नोट किया है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हमें उम्मीद है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित सभी मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा। केजरीवाल को निष्पक्ष सुनवाई का पूरा अधिकार है। निर्दोष होने के अनुमान कानून के शासन का एक प्रमुख तत्व है और वो इस केस में भी लागू होना चाहिए। इस टिप्पणी पर भारत ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा था कि हम ऐसी टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं।

# भारत में कंधार और मास्को जैसे हो सकते हैं हालात!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट पाकिस्तान प्रोविंस ने भारत को मास्को और कंधार जैसे हमलों की धमकी देते हुए पोस्टर जारी किया है। यह खूंखार आतंकवादी संगठन पाक खुफिया एजेंसी का मुखौटा माना जाता है। मास्को हमले के बाद आतंकवादी संगठनों के हौसले बुलंद हो गए हैं। एक के बाद एक आतंकवादी संगठन दुनिया के देशों को आतंकवादी हमला करने की धमकी दे रहे हैं और अब प्रोविंस ने भारत को कंधार और मास्को जैसा हमला करने की धमकी दी है। आतंकवादी संगठन द्वारा पोस्ट में कंधार हमले और मास्को हमले के फोटो भी लगाए हैं। आतंकवादी संगठन आईएसपीपी खुद को कुख्यात आतंकवादी संगठन आईएस का सहयोगी संगठन बताता है।

# यूक्रेन ने जंग को खत्म करने के लिए भारत से मांगी मदद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युद्ध शुरू होने के 2 साल बाद पहली बार नई दिल्ली की यात्रा पर आए यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की है। वे भारत के निमंत्रण पर गुरुवार को दो दिनों की यात्रा पर दिल्ली पहुंचें यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने भारत के साथ रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में 'शांति कैसे लाई जाए' इस मुद्दे पर बात की है। भारतीय विदेश मंत्री से मुलाकात के दौरान भी यूक्रेनी विदेश मंत्री ने युद्ध को लेकर बात की है और जंग को खत्म करने के लिए भारत की मदद मांगी है। भारतीय विदेश मंत्री ने अपने यूक्रेनी समकक्ष से कहा कि आपकी यात्रा हमें आपके अपने क्षेत्र की स्थिति को समझने का अवसर देती है।







Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. $Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22) ^Mileage as per third party testing under standard conditions. #HIPL stands for High Intensity Position Lamp. **Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships.*Ex showroom price of Super Splendor Drum in Gurugram. Special ex-showroom price is inclusive of Cash Discount and applicable for a limited period only.

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122 Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868 Assandh: Sandhu Hero, 9289922815 Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056 Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505 Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057 Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433 Gohana: Krishna Hero, 9289923026 Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082 Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147 Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050 Jind: National Hero, 9289922061 Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062 Karnal: Nirmal Hero, 9289922048 Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988 Ladwa: Khanna Hero, 9289922063 Mandi Dabwali: Karan Hero, 9289922490 Nuh: Sunil Hero, 9289923087 Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058 Narwana: Narwana Hero, 9289923101 Palwal: DevVaahan Hero, 9289922877 Panchkula: Regent Hero, 9289923161 Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059 Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393 Rewari: Virendra Hero, 9289922060 Rohtak: Shivam Hero, 9289922047 Sirsa: Khanna Hero, 9289923195 Sonepat: Sidak Hero, 9289922865 Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394 Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 9289207333, Gurgaon:- Himgiri Hero, 9289923046, Autoneeds Hero, 9289922051, Jaasodha Hero, 9289922495, Sharma Hero, Basai Road Sector 11, 9289923221, Hansi: Sunil Motors, 9821744694

WT.5683.2023HIN